# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 167 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 16 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

1000 करोड़ के दो व्यवसायिक भूखंड पर



P- 4

सड़क हादसे में तीन की मौत, बलिया में एनएच 31 पर खड़े ट्रक में ट्रेलर ने



P- 5

संयुक्त राष्ट्र को समझा लेंगे.. चाबहार पोर्ट से जुड़ी डील पर एस जयशंकर ने



P- 6

गांगुली ने कहा , रोहित बड़े खिलाड़ी टी20 विश्वकप में फार्म हासिल



## हैप्पी मॉर्निंग

अंकल : बेटा क्या करते हो?
पप्पू : अंकल मैं 'बाबू' हूं
अंकल : वाह, तुम क्लर्क हो ?
पप्पू : नहीं अंकल मैं 'बाबू' हूं
अंकल : अबे तू है क्या?
पप्पू : अरे अंकल, मैं 'बाबू' हूं
आपकी बेटी का,
आपकी बेटी
मुझे हमेशा कहती है :
'मेरा बाबू'



## शायरी

एक आँसू भी हुकूमत के लिए
ख़तरा है
तुम ने देखा नहीं आँखों का
समुंदर होना

## अर्थसार

सेंसेक्स:
72,987.03
-117.58 (0.16%)
निफ्टी:
22,200.55
-17.30



## मौसम



अधिकतम : 43 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से
सूयोदय शुक्रवार : 5 : 31
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 12

# आईडीएमसी की रिपोर्ट- मणिपुर में 67 हजार लोग विस्थापित हुए

### कहा- साल 2023 का यह आंकड़ा साउथ एशिया के कुल विस्थापितों का 97 फीसदी

नई दिल्ली। जिनेवा के इंटरनल डिस्प्लेसमेंट मॉनिटरिंग सेंटर ने रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि साल 2023 में साउथ एशिया में 69 हजार लोग विस्थापित हुए। इनमें से 97 फीसदी यानी 67 हजार लोग मणिपुर हिंसा के कारण विस्थापित हुए थे।

रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत में साल 2018 के बाद हिंसा के कारण पहली बार इतनी बड़ी संख्या में विस्थापन देखने को मिला।

आईडीएमसी ने कहा गया है कि मार्च 2023 में मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार को सिफारिशें भेजने के लिए कहा था।



इसके बाद कुकी समुदाय ने राज्य के पहाड़ी जिलों में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

3 मई 2023 को मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। जो देखते ही देखते पूर्वी-पश्चिमी इंफाल, बिष्णुपुर, तेंगनुपाल और कांगपोकपी समेत अन्य जिलों में फैल गए थे।

इस हिंसा में करीब 200 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। साथ ही लगभग 67 हजार लोगों को अपना घर छोड़कर राहत शिविर या दूसरी जगहों पर आसरा लेना पड़ा था।

रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 के अंत तक पूरे साउथ एशिया में करीब 5.3 मिलियन लोग विस्थापन में रहे थे, जिनमें से 80 प्रतिशत अफगानिस्तान से थे। रिपोर्ट में दावा है कि तीन-चौथाई आंदोलन मणिपुर में हुए, जबकि अन्य आंदोलन मिजोरम, असम और नगालैंड जैसे पड़ोसी राज्यों में देखने को मिले थे। हिंसा पर काबू पाने के लिए केंद्र-राज्य सरकार ने राज्यों में कर्फ्यू लगाकर, इंटरनेट बंद करके और सुरक्षाबलों को तैनात किया था।

हिंसा प्रभावित इलाकों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया था और उन्हें राहत शिविरों में ठहराया गया था।

# ट्राली के नहर में गिरने से चार की मौत, छह लोग घायल

मुरैना। मध्यप्रदेश के चंबल संभाग के श्योपुर जिले में आज एक अनियंत्रण ट्रेक्टर ट्राली चंबल नहर में गिरने से चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार बलाबनी मार्ग के समीप चंबल नहर में एक ट्रेक्टर ट्राली के गिरने से इस घटना में जितेंद्र माली (6), पूनी बाई (36), रचना माली (16) और कल्ली माली (34) की मौत हो गयी। इस हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिये ढोढर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली




में 30 लोग सवार थे। सभी लोग खिरखिरी से धार्मिक स्थल भमपुरा बच्चे का मुंडन कराने जा रहे थे। तभी अचानक रास्ते में ब्रेक फेल जाने के कारण अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली चंबल नहर में जा गिरी। इससे ट्रॉली में सवार बच्चे, महिला और पुरुषों सहित 11 लोग घायल हो गए।

# वाहनों की टक्कर के बाद आग लगने से छह लोगों की मौत

### चिलकलुरिपेट मंडल में हुई इस दुर्घटना में 20 अन्य घायल हो गए

बापटला। आंध्र प्रदेश में बापटला जिले के ईवुरिपलेम गांव में निजी ट्रैवल बस और लॉरी की टक्कर के बाद आग लग जाने से छह लोगों की जलकर मौत हो गई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि चिलकलुरिपेट मंडल में मंगलवार तड़के हुई इस दुर्घटना में 20 अन्य घायल हो गए। चिलकलुरिपेट पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) वर्मा ने मीडिया को बताया कि निजी बस 42 यात्रियों को लेकर चाइनागंजम से हैदराबाद जा रही थी। रात करीब दो बजे टिपर लॉरी से इसकी टक्कर हो गई और देखते ही देखते बस



में आग की लपटें उठने लगीं। उन्होंने बताया कि बस चालक, लॉरी चालक और बस में यात्रा कर रहे चार यात्रियों सहित छह लोगों की जलकर मौत हो गई।

मृतकों में तीन एक ही परिवार के थे। मृतकों में से पांच की पहचान उप्पगुंडुर काशी ब्रह्मेश्वर राव (64), उनकी पत्नी उप्पुगुंडुर लक्ष्मी (55) और उनकी पोती मुप्पाराजु साईश्री (9), हरि सिंह (टिपर चालक, मध्य प्रदेश के थे) और अंजी (35) बस चालक के रूप में की गई।

दुर्घटना में कम से कम 20 बस यात्री घायल हो गए और उन्हें गुंटूर के चिलकलुरिपेट में जीजीएच और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बस में यात्रा करने वाले ज्यादातर यात्री हैदराबाद के थे और चुनाव में वोट डालने के लिए चिराला और चिनजंगम गए थे।

# चारधाम यात्रा : अब तक 11 की मौत

### व्यवस्थाएं चरमराई, प्रशासन की अपील- बिना रजिस्ट्रेशन यात्रा न करें श्रद्धालु

उत्तरकाशी। अगर आप अभी उत्तराखंड में चारधाम यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं तो फिलहाल इसे कुछ दिन टाल दें, क्योंकि अधिक भीड़ हो जाने से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

यह स्थिति इसलिए बनी क्योंकि बिना रजिस्ट्रेशन के यात्री पहुंच गए। बुधवार से प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है।

व्यवस्था सुधारने के लिए सचिव स्तर के अधिकारी पहुंचे हैं। अब तक 2 लाख 76 हजार 416 श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं।

उत्तरकाशी- गंगोत्री मार्ग पर पर सोमवार को गंगनानी के पास 45 किलोमीटर लंबा जाम लगा था जिसे रात तक खुलवा दिया गया। अब स्थिति सामान्य है हालांकि यात्रा सुचारु रुप से चल रही है।



गढ़वाल मंडल के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने बुधवार को बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 4 को डायबिटीज के साथ-साथ ब्लड प्रेशर की भी शिकायत थी।

पांडेय ने कहा कि कोशिश है सुगम व सुरक्षित यात्रा के साथ हर श्रद्धालु को दर्शन का लाभ मिले।

#### 26 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

पांडेय ने बताया कि चारधामों में 14 मई तक ऑनलाइन कुल 26 लाख 73 हजार 519 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। गंगोत्री में 4 लाख 21 हजार 366, यमुनोत्री के लिए 4 लाख 78 हजार 576, श्रीबद्रीनाथ धाम के लिए 9 लाख सात हजार 60 और केदारनाथ धाम के लिए कुल 8 लाख 13 हजार 558 जबकि श्रीहेमकुंड साहिब के लिए 59,312 पंजीकरण हुए हैं। इसके अलावा हरिद्वार एवं ऋषिकेश में 8 से 14 मई तक कुल 1,42,641 पंजीकरण ऑफलाइन हुए हैं।

उन्होंने बताया कि यमुनोत्री में आज तक 59,158, गंगोत्री में 51,378, केदारनाथ में 1,26,306 व बद्रीनाथ धाम में 39,574 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। पिछले चार दिनों के दौरान गंगोत्री जाते वक्त उत्तरकाशी से 20 किमी आगे बढ़ते ही सड़क किनारे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग आराम करते दिख रहे हैं। यहां न खाने का ठिकाना है और न रुकने का। आसपास के गांवों के लोग पानी की बोतल के 30 से 50 रु. तो शौचालय उपयोग का 100 रु. तक ले रहे हैं।

मुंबई होर्डिंग हादसा

### आरोपी पर 23 क्रिमिनल केस, रेप चार्ज में गिरफ्तार हो चुका

# मुंबई होर्डिंग हादसा : मलबे में 2 और शव मिले, अब तक 16 मौतें

मुंबई। मुंबई के घाटकोपर में होर्डिंग गिरने वाली जगह पर बुधवार (15 मई) को लगातार तीसरे दिन रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस बीच मंगलवार (14 मई) की रात मलबे के नीचे दो और शव मिले हैं। एनडीआरएफ ने बताया कि दो शवों को अभी बाहर नहीं निकाला जा सका है। इसी के साथ मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 16 हो गया है।

मुंबई में सोमवार (13 मई) की दोपहर में धूल भरी आंधी और बारिश हुई थी। इस दौरान घाटकोपर में एक अवैध विज्ञापन होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिर गया था। 100 फीट ऊंचे और 250 टन वजन वाले लोहे के होर्डिंग के नीचे



कई कार, टू-व्हीलर्स और लोग दब गए थे। हादसे में 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि पेट्रोल पंप में अंडरग्राउंड फ्यूल स्टोरेज टैंक होने के कारण आग लगने की संभावना है। इसलिए, हम गैस कटर का इस्तेमाल नहीं कर सकते, क्योंकि इसकी चिंगारी आग भड़का सकती है। गैस कटर इस्तेमाल न कर पाने के चलते मलबा हटाने में देरी भी हो रही है।

क्रेन और दूसरे मशीनों का इस्तेमाल करते समय भी लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसके बावजूद बुधवार सुबह रेस्क्यू के दौरान आग लगने की छोटी घटना हो गई। हालांकि, वहां तैनात दमकल कर्मियों ने इसे तुरंत बुझा दिया।

#### होर्डिंग लगाने वाली कंपनी का मालिक पर पहले से 23 केस दर्ज

घाटकोपर में गिरने वाले होर्डिंग का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में सबसे बड़े सबसे बड़े होर्डिंग के रूप में दर्ज किया गया था। इसे लगाने वाली एजेंसी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के मालिक भावेश भिंडे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हादसे के बाद से वह फरार है। भावेश इस साल जनवरी में एक रेप मामले में गिरफ्तार हुआ था। हालांकि, बाद में उसे बेल मिल गई। वह 2009 में निर्दलीय विधानसभा चुनाव भी लड़ चुका है। चुनावी हलफनामे में उसने बताया था कि उसके खिलाफ 23 क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें चेक बाउंस, होर्डिंग्स-बैनरों के लिए कई रेलवे और ग्रेटर मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के ठेके हासिल करने जैसे मामलों में मुंबई नगर निगम अधिनियम और नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत कई केस शामिल हैं। बीएमसी ने पेड़ों में जहर डालने के मामले भी उसके खिलाफ केस दर्ज कराया था।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे का निधन

भोपाल/नई दिल्ली. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का निधन हो गया है. वे पिछले तीन महीने से दिल्ली एम्स में भर्ती थीं. उनके निधन से दिल्ली से लेकर मध्य प्रदेश तक शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन से ग्वालियर राजघराने को बड़ी क्षति पहुंची है. वे कुछ समय से वेंटिलेटर पर थीं। उनका यहां सेप्सिस के साथ निमोनिया का इलाज चल रहा था। महल के सूत्रों के मुताबिक उनका अंतिम संस्कार कल यानी 16 मई को शाम 4 से 5 बजे के आसपास होगा. उनके निधन पर प्रदेश की राजनीति से जुड़े कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया के कार्यालय से कहा गया है, 'बड़े दु:ख के साथ ये साझा करना चाहते हैं कि राजमाता साहब नहीं रही। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता व ग्वालियर राज घराने की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का इलाज पिछले दो महीनों से दिल्ली के एम्स अस्पताल में चल रहा था. पिछले दो सप्ताह स्थिति बेहद क्रिटिकल थी। कल सुबह 9.28 बजे उन्होंने दिल्ली के एम्स अस्पताल में आखिरी सांस ली। ? शान्ति.' इधर, ग्वालियर में सिंधिया परिवार की छत्री पर अंतिम संस्कार से जुड़ी तैयारी शुरू हो गई है। माधवी राजे के अंतिम संस्कार के लिए यहां चबूतरा तैयार किया जा रहा है।

# झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम गिरफ्तार

### ईडी ने 7 घंटे पूछताछ के बाद अरेस्ट किया; पीएस के नौकर के पास 30 करोड़ कैश मिले थे

रांची। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी से पहले ईडी ने बुधवार को उनसे 7 घंटे पूछताछ की। उनके पीएस के नौकर के घर पिछले दिनों 35 करोड़ रुपए कैश मिले थे। मामला टेंडर कमीशन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का है। आलमगीर आलम को गुरुवार को 10 बजे पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस दौरान ईडी कोर्ट से रिमांड की मांग करेगी। इससे पहले ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार को भी उनसे



9 घंटे पूछताछ की थी। ईडी ने आलम को आज फिर पूछताछ के लिए बुलाया था। जांच एजेंसी की ओर से उन्हें पूछताछ के लिए 12 मई को नोटिस भेजा गया था। आलमगीर आलम झारखंड की महागठबंधन सरकार में कांग्रेस के कोटे से मंत्री हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मनी लॉन्ड्रिंग के एक अन्य मामले में ईडी की गिरफ्त में हैं।

# खड़े ट्रक में घुसी कार, 8 लोगों की मौत

### इंदौर के बेटमा के पास अहमदाबाद फोरलेन हाइवे पर हुआ हादसा

एजेंसी

इंदौर/धार। इंदौर के पास बेटमा में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। यहां इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर एक कार खड़े ट्रक में जा घुसी। जिससे कार सवार 8 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक शख्स घायल हो गया है।

मृतकों में एक महिला भी शामिल हैं। शवों को बेटमा के अस्पताल लाया गया है। जहां गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। एएसपी इंदौर रुपेश द्विवेदी ने बताया कि 8 लोगों की मौत की सूचना है। एक घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा बुधवार रात करीब 10.30 बजे होना बताया जा रहा है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ ही एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची गई।

जानकारी के मुताबिक कार में सवार लोग आलीराजपुर के बोरी गांव में मान कार्यक्रम से लौट कर गुना जा रहे थे।




# आक्रामक बयानबाजी से बिगड़ रहा समाज का ताना-बाना

यह छिपा नहीं है कि देश में राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता भी चुनाव के दौरान जैसी टिप्पणियां कर देते हैं, वे कई बार न सिर्फ मर्यादा के खिलाफ और निम्न स्तर के होते हैं, बल्कि उससे देश की लोकतांत्रिक गरिमा को भी गहरी चोट पहुंचती है। लोकसभा के लिए जारी चुनाव में सभी दल और उनके नेता प्रचार अभियान में पहले से ज्यादा मुखर हो रहे हैं।

मगर इस बीच कई दलों के वरिष्ठ नेताओं की भी जैसी बयानबाजियां सामने आई हैं, उससे साफ है कि मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए सार्वजनिक रूप से भी दिए जाने वाले भाषणों में मर्यादा का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जा रहा है। जनहित के मुद्दे उठाने और उस पर केंद्रित सकारात्मक बहस के जरिए जनता के सामने मुद्दे को लेकर स्पष्टता बनाने में रुचि कम दिखती है, जबकि आक्रामक बयानबाजियों के जरिए लोगों को अपने पक्ष में खड़ा करने की कोशिश आम होती जा रही है।

ऐसे में निर्वाचन आयोग की यह सलाह महत्त्वपूर्ण है कि राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को प्रचार अभियान में विमर्श के ऐसे अच्छे उदाहरण स्थापित करने चाहिए, जिसकी उनसे अपेक्षा है।

उम्मीद यह भी की जाती है कि इस क्रम में नेता ऐसी बातें नहीं करेंगे, जिससे समाज का नाजुक ताना-बाना खराब हो। इसी के मद्देनजर आयोग ने कहा कि यह नेताओं की जिम्मेदारी है कि वे चुनाव के बचे हुए चरणों के दौरान अपने बयानों और भाषणों में उठाए जाने वाले मुद्दों को सही तरीके से पेश करें।

देश के लोकतांत्रिक ढांचे और सामाजिक ताने-बाने के लिहाज से देखें तो निर्वाचन आयोग की सलाह की अपनी अहमियत है। मगर एक संवैधानिक निकाय होने और देश में चुनाव आयोजित कराने की सारी जिम्मेदारी उठाने के बावजूद उसकी इस तरह की अपेक्षाओं की जमीनी हकीकत क्या है? ऐसे क्या कदम उठाए जाते हैं, जिससे चुनाव प्रचार के दौरान विमर्श को एक आदर्श स्तर देने की सलाह पर अमल सुनिश्चित हो?

यह छिपा नहीं है कि देश में राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता भी चुनाव के दौरान जैसी टिप्पणियां कर देते हैं, वे कई बार न सिर्फ मर्यादा के खिलाफ और निम्न स्तर के होते हैं, बल्कि उससे देश की लोकतांत्रिक गरिमा को भी गहरी चोट पहुंचती है।

अफसोसनाक यह भी है कि ऐसा करने में राष्ट्रीय कही जाने वाली राजनीतिक पार्टियों के निचले स्तर के नेता-कार्यकर्ता तो बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते ही हैं, कई बार शीर्ष नेता भी निजी हमले करने या आदर्श आचार संहिता को धता बता कर अवांछित और निराधार टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते।

अक्सर माहौल इस हद तक कड़वा हो जाता है कि अच्छे विमर्श की जगह नहीं बन पाती। ऐसे में बहस को एक स्तरीय स्वरूप देने की चुनाव आयोग की अपेक्षा लोकतंत्र की मजबूती के लिहाज से जरूरी है।

मगर यह सवाल लाजिमी है कि नेताओं की कुछ बेलगाम बयानबाजियों के खिलाफ कार्रवाई करके जहां आयोग को स्पष्ट संदेश भी देना चाहिए, वहां सिर्फ आग्रह करने की औपचारिकता का हासिल क्या होगा! अगर कभी निर्वाचन आयोग के पास अनर्गल टिप्पणियों के लिए किसी नेता के खिलाफ शिकायत जाती भी है तो नोटिस जारी करने से लेकर कार्रवाई होने तक की हकीकत छिपी नहीं रही है।

आखिर क्या कारण है कि आयोग की तमाम हिदायतों के बावजूद नेताओं की बेलगाम बयानबाजियां बंद नहीं हो पा रहीं? आजादी के सात दशक के बाद के चुनावों में भी मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए अलग-अलग दलों के शीर्ष स्तर के नेता अगर एक बेहतर और गरिमापूर्ण लोकतांत्रिक विमर्श खड़ा कर पाने के बजाय बेहद उथली टिप्पणियों के जरिए चुनाव में जीत हासिल करने की कोशिश करते हैं तो यह किसकी नाकामी है?

# आधुनिक जीवन का अभिशाप है हाई ब्लडप्रेशर



ललित गर्ग



उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 17 मई को 'विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है।' वर्तमान में दुनिया भर में उच्च रक्तचाप से करीब डेढ अरब से अधिक लोग पीड़ित हैं। दुनिया भर में उच्च रक्तचाप वाले अनुमानित 46 फीसदी लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें उच्च रक्तचाप है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक उच्च रक्तचाप वाले पांच में से सिर्फ एक वयस्क इसे नियंत्रण में रखता है, जिसका अर्थ है कि 80 फीसदी को भारी खतरा है, जिसमें दिल का दौरा, स्ट्रोक, अनियमित दिल की धड़कन और गुर्दे को नुकसान पहुंचना आदि शामिल है। इस वर्ष की थीम के तहत 'अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें और लंबे समय तक जीवित रहें', इस पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उच्च रक्तचाप के प्रमुख कारण हैं मोटापा, तनाव, अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, नियमित शारीरिक गतिविधि न करना, धूम्रपान, अल्कोहल, आहार में सोडियम (नमक) की अत्यधिक मात्रा और मधुमेह जैसी कुछ स्थितियाँ भी इसका कारण बन सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान भी उच्च रक्तचाप हो सकता है।

नयी सदी की दहलीज पर खड़े महत्त्वाकांक्षी युवा-वर्ग के सामने प्रतिस्पर्धाओं का अंतहीन माहौल है। यदि वह इस बाधा दौड़ में हारता है, तो नकारात्मक तनावों से घिर जाता है, यदि जीतता है तो नयी-नयी स्पर्धाओं का चुनौति भरा संघर्ष फिर शुरू हो जाता है। अपनी विजय को स्थायी रखने तथा नये-नये कीर्तिमान स्थापित करने के लिए छल-प्रपंच और झूठ का सहारा लेता है। वैज्ञानिक कहते हैं दुनिया में जितना अधिक झूठ बढ़ा है, उतना ही अधिक हाई ब्लड प्रेशर का खतरा भी बढ़ा है। झूठ का रास्ता कभी सीधा नहीं होता। उबड़-खाबड़, टेढ़ा-मेढ़ा और घुमावदार होता है वह। कुटिल व्यक्ति के विचार सदा प्रदूषित रहते हैं। यह मन का प्रदूषण उच्च रक्तचाप की जड़ है। उच्च रक्तचाप से जुड़े तमाम खतरों के बीच प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं (अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड) का बढ़ता चलन चिंताजनक है। चिंता इसलिए कि खतरों को जानते-बूझते भी ऐसे खाद्य पदार्थों की बाजार में उपलब्धता ज्यादा होने लगी है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के हाल ही में सामने आए एक अध्ययन में बताया गया है कि नियमित रूप से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाने से समय पूर्व मौत का जोखिम चार फीसदी बढ़ जाता है, जिसमें उच्च रक्तचाप प्रमुख है। आमतौर पर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ रेडी टू यूज होते हैं। पैकेट वाले स्नैक्स, डिब्बाबंद फूड, कोल्ड ड्रिंक इसकी श्रेणी में आते हैं। हाई ब्लडप्रेशर का खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरुषों में होता है। इससे बचने के लिए न केवल डाइट और लाइफ स्टाइल पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि तनाव को कम करना और शरीर को सक्रिय बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज भी बेहद जरूरी है। आजकल 18 साल से 50 वर्ष के लोग हाइपरटेंशन के अधिक शिकार हैं। हालांकि साठ साल की उम्र से पहले पुरुषों में उच्च रक्तचाप का खतरा ज्यादा रहता है, पर बाद में स्त्री-पुरुष दोनों में ही खतरे की आशंका बराबर होती है।

देखा गया है कि जो व्यक्ति गुस्सा नहीं करते, वो कम बीमार होते हैं। जिस व्यक्ति को गुस्सा ज्यादा आता है, उनमें ब्लडप्रेशर, हाइपरटेंशन, गंभीर रूप से पीठ में दर्द की शिकायत देखी गई है। इसके साथ ही ऐसे लोगों को पेट की शिकायत भी हो सकती है। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस उच्च रक्तचाप की रोकथाम और नियंत्रण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें नियमित व्यायाम करना, स्वस्थ भोजन और संतुलित आहार खाना, तंबाकू, अत्यधिक शराब और धूम्रपान से बचना शामिल है। जीवनशैली में ये बदलाव उच्च रक्तचाप और इसकी जटिलताओं के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। व्यक्ति की भावनाएं, सोच, विचार और आदत में अन्तरसंबंध होता है। हमारे विचार, हमारे सोच को प्रभावित करते हैं और सोच से आदत बदलती है। इसके लिए आपको नियमित व्यायाम करना चाहिए। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का एक प्रमुख संदेश नियमित रक्तचाप की निगरानी का महत्व है। उच्च रक्तचाप को अक्सर 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि आमतौर पर इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं जब तक कि यह गंभीर जटिलताएं पैदा न कर दे। नियमित रक्तचाप जांच से उच्च रक्तचाप का शीघ्र पता लगाने और जटिलताओं को रोकने के लिए समय पर हस्तक्षेप करने में मदद मिल सकती है। स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर द्वारा बताई गई दवाएं लेना भी शामिल है।

चिकित्सा-विज्ञान की अपूर्व प्रगति ने मनुष्य को इस जीवनघाती व्याधि से बचाने में कल्पनातीत सहयोग दिया है। रोग-निदान करने वाले अति संवेदी सूक्ष्म उपकरण, औषध-विज्ञान और सफल शल्य-क्रिया-ये सब किसी मृत्युंजयी तत्त्व से कम नहीं हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि इतना सब कुछ होते हुए भी उच्च रक्तचाप जैसी जानलेवा बीमारी का राक्षसी-पंजा नियंत्रण के बाहर है। जो चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं, वे आम-आदमी के लिए अलभ्य हैं। इस महंगी चिकित्सा-सेवा के द्वारा संपन्न व्यक्ति भले ही मृत्यु के निमंत्रण को एक अवधि तक टाल दें, किंतु गरीबों की दयनीय दशा की कल्पना कौन कर सकता है? मियामी विश्वविद्यालय अमेरिका के वैज्ञानिकों/डॉक्टरों ने अपनी संयुक्त विज्ञप्ति में अपील की है कि मानसिक तनावों को अपने पर हावी न होने दें। इस संबंध में लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के तौर-तरीके सिखाने चाहिए। उनका मानना है कि निरंतर तनाव-ग्रस्त रहने और भोजन में चिकने पदार्थों का अधिक सेवन करने वालों पर हाई ब्लड प्रेशर का आक्रमण आसानी से हो जाता है। तनाव मुक्त रहने से शरीर की रोग-प्रतिरोधक शक्ति सुरक्षित रहती है।

तमाम तरह के शोध इस बात का खुलासा करते रहे हैं कि ऐसे डिब्बा बन्द खाद्य पदार्थों में शुगर, फैट और नमक की मात्रा काफी अधिक होती है, जबकि फाइबर व अन्य पोषक तत्व कम होते हैं। इसीलिए प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुएं उच्च रक्तचाप से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा देती हैं। लोग बेपरवाह होकर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। खास तौर से नई पीढ़ी को ऐसी खाद्य वस्तुएं अधिक लुभा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में पाया गया कि भारत का प्रसंस्कृत खाद्य बाजार 2011 से 2021 तक 13.37 फीसदी की सालाना दर से बढ़ा है। हालांकि कोविड-19 महामारी के दौरान इस क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5.50 प्रतिशत रह गई थी, लेकिन यह अस्थायी दौर था। इसके बाद फिर इनकी उपलब्धता सहज होने लगी। उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगियों में नियंत्रित परीक्षणों से पता चलता है कि पूरक पोटेशियम, फाइबर, एन-3 फैटी एसिड और फलों और सब्जियों से भरपूर और कम संतृप्त वसा वाले आहार से रक्तचाप में कमी आती है। कुछ जनसंख्या अध्ययन आहार प्रोटीन और रक्तचाप के स्तर के बीच विपरीत संबंध दिखाते हैं। नियमित रूप से कॉफी पीने से उच्च रक्तचाप के रोगियों में रक्तचाप बढ़ जाता है। 'तनाव' की भूमिका रहस्यमय बनी हुई है, 'नौकरी का तनाव' एवं 'पारिवारिक तनाव' उच्च रक्तचाप के लिए एक संभावित स्वतंत्र जोखिम कारक है।

चिंता इस बात की है कि खतरनाक बन रही खाद्य वस्तुओं को बाजार से हटाने का भारत में मजबूत तंत्र नहीं है। यहां तक कि शराब और धूम्रपान जैसे नशे की चीजों को नियंत्रित करने के लिए भी कोई ठोस नीति नहीं है। असल में उच्च रक्तचाप को लेकर सरकारी स्तर पर कोई चिंतन एवं चिन्ता भी नजर नहीं आती। यह बात सही है कि केंद्र और राज्य की सरकारों ने लोगों के पोषक आहार के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं, लेकिन बाजार में बिक रही उच्च रक्तचाप के लिए नुकसानदेह वस्तुओं पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस नीति नहीं है। लुभाने वाले विज्ञापन इन उत्पादों को बढ़ावा दे रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ की किसी को इजाजत नहीं दी जा सकती। जरूरी है कि सरकार नुकसानदायक खाद्य पदार्थों को लेकर सख्त विज्ञापन और विपणन नीति तो बनाए ही, इसे सख्ती से लागू भी करे।

# टाईम पास

## फेक लाइक्स और फॉलोअर्स का खेल

इंटरनेट की वजह से पूरी दुनिया ग्लोबल विलेज में तब्दील हो गयी है। ऐसे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स दुनियाभर के लोगों को आपस में जोड़ने का काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की लोकप्रियता और यूजर्स के एक्टिव होने की दर पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ी है। ऐसे में पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर इन्फ्लुएंसर्स की बाढ़-सी आ गई है। मगर इन सबके बीच बड़े पैमाने पर नकली फालोअर्स वाले इन्फ्लुएंसर्स का बहुत बड़ा खेल हो रहा है, जिससे आम लोग अपना नुकसान कर बैठते हैं।

पिछले दिनों इंग्लैड के पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक शोध मे पाया कि धोखेबाज अपने फर्जी सामानों को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की पॉपुलैरिटी और भरोसे का फायदा उठा रहे हैं, जिससे कस्टमर्स नकली प्रोडक्ट खरीद बैठते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर सक्रिय 16-60 साल की उम्र के लगभग 22 प्रतिशत कस्टमर्स ने इन्फ्लुएंसर्स के द्वारा प्रमोट किए गए सामान खरीदे, जो नकली थे।' बहुत सी कंपनियां ऐसी भी हैं जो किसी इन्फ्लुएंसर को कहती हैं कि आप हमारे फलाना प्रोडक्ट का अपने वीडियो में जिक्र करके उसको खरीदने का लिंक डाल दीजिए। अब फेक फॉलोअर्स वाले इन्फ्लुएंसर्स पैसे के लिए बिना प्रोडक्ट को प्रयोग किए प्रमोट करते हैं और बाद में ग्राहकों को पता चलता है कि वो आइटम या तो नकली है या खराब क्वालिटी का है।

दरअसल,बड़ी सोशल मीडिया कंपनियां धांधली रोकने में नाकाम रही हैं। दूसरे नेटवर्क की तुलना में ट्विटर ने ज्यादा फेक अकाउंट पहचाने और हटाए। ट्विटर ने खरीदे गए आधे लाइक और रिट्वीट हटाए। अविश्वसनीय कंटेंट हटाने के मामले में यूट्यूब सबसे खराब पाई गई। फेसबुक फर्जी अकाउंट बनाने और ब्लॉक करने में सबसे अच्छा साबित हुआ लेकिन उसने फर्जी कंटेंट बहुत कम हटाया। इंस्टाग्राम में गड़बड़ी करना सबसे आसान और सस्ता रहा। सच तो यह है कि फर्जीवाड़ा करने वाले लोग बड़ा पैसा कमाते हैं। धांधली करने वाले ये लोग मेजर प्लेटफॉर्म पर खुलेआम अपने विज्ञापन करते हैं। सोशल मीडिया पर लाखों पोस्ट को प्रभावित किया गया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेड प्रमोशन के जरिये इन सेलिब्रिटीज की खूब कमाई होती है। लोग अपना ज्यादा से ज्यादा समय मोबाइल की स्क्रीन पर बिताते हैं। इनमें से ज्यादातर योगदान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिताए गए समय का होता है। ऐसे में अक्सर हम फेसबुक या इंस्टाग्राम स्क्रॉल करते समय कोई ऐड देख लेते हैं। विज्ञापन में दिखाए गए प्रोडक्ट्स को देखकर कभी-कभी उस प्रोडक्ट के बारे में और भी ज्यादा जानने की इच्छा होती है। डिजिटल एडवर्टिजमेंट पूरी तरह से इसी पर टिका हुआ होता है। सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दिखाए जाने वाले एडवर्टिजमेंट के जरिये भी हम प्रोडक्ट्स खरीदने के लिए तत्पर होते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक , भारत में करीब 8 करोड़ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर है। तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार , इसमें तेजी से इजाफा हो रहा है। लेकिन चिंता की बात ये है कि इस तेजी के पीछे फेक फॉलोअर्स और व्यूज का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। नए-नए लोग जल्दी से बड़ा बनने के चक्कर में पैसे देकर अपने फॉलोअर्स बढ़ाते हैं। सच बात यह है कि आज जो लोग इन्फ्लुएंसर हैं, उसमें से करीब 10 प्रतिशत ही अपनी मेहनत से बिना प्रमोशन का पैसा दिये यहां तक पहुंचे हैं। ये वो इन्फ्लुएंसर हैं, जो पुराने समय ये अब तक जगह बनाए हुए हैं, उस दौर में कंटेंट से ही लोग फॉलोअर बढ़ा सकते थे। बचे 90 प्रतिशत में से 40 से 45 प्रतिशत वो लोग हैं, जो जिस साइट पर होते हैं, उसी पर अपना प्रमोशन करते हैं और फॉलोअर्स बढ़ाते हैं। लेकिन बाकी जो 45-50 प्रतिशत इन्फ्लुएंसर कहलाते हैं, तो कहीं न कहीं फेक फालोअर्स, लाइक्स और व्यूज को खरीदते हैं।

## काकुरो पहेली - 3183



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3182 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा-'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'

'जी हां, मीलार्ड, मगर?'

'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला-'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे,इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए!'

□ □ □

एक सेठ बीमार पड़ गया.

डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा-'मुंशी जी! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा?'

'लगभग बीस हजार!'

'और क्रिया-कर्म में?'

'लगभग पांच हजार!'

'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा-'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'

महेश-'पागल था वह?'

रमेश-'वह कैसे?'

महेश-'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3183



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-३
३. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-३
६. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-२
७. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-४
१०. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१२. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्ही रंग' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
१४. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-२
१७. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-३
१९. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-२
२०. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-३
२३. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-३
२५. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-२,१,२
२६. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-२
२७. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारों की बारात आ' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, जॉन, सुनील शेट्टी की फिल्म-३
३२. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
३३. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-३
२. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-३
५. बिजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-२
६. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
९. राजबब्बर, अनिता की फिल्म-४
११. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
१७. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-३
२१. जैकी, नीलम की 'चुराया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-२
२३. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-३
२५. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-२,२
२६. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२९. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-२
३०. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3182



## सूडोकु -3183

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3182 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## शब्द पहेली - 3183



**बाएँ से दाएँ**

2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**

1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

### शब्द पहेली -3182 का हल



# 1000 करोड़ के दो व्यवसायिक भूखंड पर कब्जा लेगा प्राधिकरण

**नोएडा में शासनादेश के बाद आवंटन किया गया निरस्त**

एजेंसी

नोएडा। आवंटन निरस्त होने के बाद अब नोएडा प्राधिकरण दो व्यवसायिक भूखंड पर कब्जा लेगा। इन दोनों व्यवसायिक भूखंड की कीमत करीब 1000 करोड़ के आसपास है। आवंटन के बाद दोनों भूखंड पर कंपनी का साइट पर निर्माण चल रहा है। पांच दिन पहले शासन ने एमथ्रीएम बिल्डर की दो सब्सिडियरी कंपनियों के व्यवसायिक भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया था। आवंटन निरस्त होने के बाद इस संबंध में उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव औद्योगिक अनिल कुमार सागर का पत्र नोएडा प्राधिकरण को मिल गया है।

### इन दो कंपनियों का आवंटन किया गया निरस्त

प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि आवंटन निरस्त होने के बाद अब आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए विधि विभाग और एकाउंट सेक्शन से बातचीत की जा रही है। दरअसल शासन ने बीते शुक्रवार को सेक्टर-94 में मैसर्स लैविश बिल्डमार्ट प्राइवेट लिमिटेड और सेक्टर-72 में मैसर्स स्काई लाईन प्रापकॉन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित व्यवसायिक




भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया था। ये दोनों कंपनी की मदर कंपनी एम3एम है।

कुछ महीने पहले शिकायतकर्ता रूप सिंह ने फरवरी 2024 में शिकायत की थी कि प्राधिकरण के ई-ब्रोशर में लिखे नियमों एवं शर्तों का उल्लंघन करते हुए इन दोनों कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए। वर्ष 2022 में इन कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए थे। इस शिकायत प्राधिकरण से जवाब मांगा गया था। 4 अप्रैल को प्राधिकरण एसीईओ ने इस मामले में अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपी। जिसको आधार बनाकर ही आवंटन निरस्त किया गया।

### आवंटन के बाद प्राधिकरण को मिले है 450 करोड़

आवंटन करने के बाद प्राधिकरण को इन दोनों कंपनियों से अब तक करीब 450 करोड़ रुपए भी मिल गए हैं। आरोप है कि दोनों कंपनियों को पांच लाख रुपए की अतिरिक्त बोली लगाने पर सिंगल बिड के तहत आवंटन किया गया।

सेक्टर-94 स्थित भूखंड का रिजर्व प्राइस 827 करोड़ 35 लाख रुपए था और सेक्टर-72 स्थित भूखंड का रिजर्व प्राइस 176 करोड़ 48 लाख रुपए था। इन दोनों भूखंड के लिए सिर्फ पांच लाख रुपए की अतिरिक्त बोली मिलने पर प्राधिकरण ने आवंटन कर दिया।

### ब्रोशर की शर्तों का किया था उल्लंघन

ऐसे में इस भूखंड को पाने के लिए आवेदक कंपनियों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हुई। इसके अलावा सब्सिडियरी कंपनी यदि खुद बोली कर्ता है तो उसे स्वयं निर्धारित न्यूनतम अर्हता जैसे कि नेटवर्थ, सालवेंसी एवं टर्न ओवर पूरी करने की शर्त है। इसके अलावा सब्सिडियरी कंपनी ने अकेले आवेदन किया था। ऐसे में उसे स्वयं ब्रोशर की शर्तों को पूरा करना था लेकिन नहीं किया गया।

# रिटायर्ड मेजर जनरल डिजिटल अरेस्ट

## पार्सल में ड्रग्स-मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर 37.68 लाख ऐंठे

नोएडा। नोएडा में लाखों की ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। पार्सल में ड्रग्स और कई पासपोर्ट की बात कहकर जालसाज ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल के साथ 37.68 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है।

पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि करीब 47 मिनट तक पीड़ित को जालसाज ने डिजिटल अरेस्ट करके रखा था।

### अनजान नंबर से आया फोन

साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा निवासी सेवानिवृत्त मेजर जनरल अमरजीत सिंह ने बताया कि रविवार को शाम साढ़े चार बजे के



करीब उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई।

कॉलर ने कहा कि वह मुंबई से बोल रहा है और शिकायतकर्ता के नाम पर चार मई को एक कोरियर आया है। जिसमें 200 ग्राम ड्रग्स और पांच पासपोर्ट समेत अन्य सामान है।

उसने पार्सल में तीन क्रेडिट कार्ड और कपड़े होने की भी बात कही। जालसाज ने कहा कि कोरियर भेजने के लिए पीड़ित की आधार आईडी का प्रयोग किया गया है। उसने आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर भी बताया। जिसके बाद पीड़ित को विश्वास हो गया। पीड़ित ने कॉलर से कहा कि उनका इस कोरियर से कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद उसने कॉल को साइबर क्राइम सेल में स्थानांतरित कर दी।

### दबाव बनाकर लाखों की रकम ट्रांसफर कराई

मामला ड्रग्स तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट का बताकर पीड़ित को भयभीत कर दिया गया। साइबर ठगों ने एक राजनेता के बारे में शिकायतकर्ता को बताया कि वह मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में हैं।

उन्होंने एक फर्जी एफआईआर भी दिखाई। ठगों ने जांच करने के लिए उन्हें मुंबई बुलाया। जालसाज के कहने पर पीड़ित ने दबाव में आकर दो बार में 37,68,510 रुपए की रकम ट्रांसफर कर दी। कॉल 37 मिनट 45 सेकेंड तक जारी रही।

इस दौरान जालसाज ने पीड़ित को कॉल छोड़कर बाहर नहीं जाने दिया। जालसाज ने जब पीड़ित पर और पैसे भेजने का दबाव बनाया, तो उसे ठगी की आशंका हुई।

पैसे वापस मांगने पर जालसाज ने पीड़ित से संपर्क तोड़ दिया। साइबर क्राइम थाने के प्रभारी ने बताया कि नाइजीरियन गिरोह द्वारा ठगी की वारदात को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है।

बीते कई माह से सुस्त पड़े नाइजीरियन गिरोह के जालसाज फिर से एक्टिव हो गए हैं और लगातार ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

बीते दिनों जालसाज ने एक बुजुर्ग महिला डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर उनके साथ 45 लाख रुपए की ठगी की थी।

# नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

## 1500 वर्गमीटर जमीन को कराया कब्जा मुक्त

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण लगातार अभियान चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर रहा है। वर्क सर्किल-7 के गांव भूड़ा और सलारपुर में प्राधिकरण ने अभियान चलाकर 3 खसरा को कब्जा मुक्त कराया। ये जमीन प्राधिकरण के मास्टर प्लान के अनुसार नियोजित है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने कहा- किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं होगा। कब्जा करने वाले अतिक्रमण स्वयं हटा लें नहीं तो प्राधिकरण उसे तोड़ देगा। सर्किल-7 में सेक्टर-81 के खसरा नंबर 100, 101 और सलारपुर गांव के खसरा नंबर 200 पर अतिक्रमण करने वालों ने कमरे बनवा लिए थे। इसमें व्यवसायिक गतिविधि की जा रही थीं। प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। ऐसे में प्राधिकरण के बुलडोजर ने तीनों



खसरा पर बने कमरों, चार दीवार और कच्चे निर्माण को ध्वस्त कर दिया। तीनों खसरा को मिलाकर करीब 1500 वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। इसकी कीमत करीब 6 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। बता दे अब तक प्राधिकरण 4 लाख वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त करा चुका है। इस जमीन की कीमत करीब 600 करोड़ रुपए के आसपास है। अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# नोएडा में 24वीं मंजिल से कूदकर महिला ने किया सुसाइड

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा में एक महिला ने 24वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है।

बिसरख थाना क्षेत्र की ग्रीन आर्च सोसाइटी में एक 34 वर्षीय महिला ने आत्महत्या कर ली। दरसअल सोसाइटी के लोगों ने बिसरख पुलिस को सूचना दी कि एक महिला 24वी मंजिल से गिर गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस द्वारा जानकारी दी गई कि पिंकी जयसवाल (34) पत्नी विशाल जायसवाल निवासी ग्रीनआर्च सोसाइटी ने 24वें फ्लोर से कूद कर आत्महत्या कर ली है। घटना के समय उनके पति अपने ऑफिस गुरुगांव गए थे।

उनको घटना की जानकारी दे दी गई है। फिलहाल आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पति के आने के बाद ही और ज्यादा जानकारी मिल पाएगी।

फिलहाल मौके पर पुलिस बल मौजूद है। मृतका का शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए अग्रिम आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# नोएडा में लिव इन में रह रही महिला की हत्या

## 3 साल से युवक के साथ रह रही थी, अफेयर पता चलने पर हुआ था दोनों के बीच झगड़ा

नोएडा। नोएडा में एक व्यक्ति ने लिवइन में साथ रह रही महिला की हत्या कर दी। महिला आरोपी युवक के साथ तीन साल से लिवइन में थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। महिला और युवक दोनों पहले से शादी शुदा है। महिला के पति की तीन साल पहले कोविड से मौत हो गई थी। वहीं आरोपी युवक ने अपनी पत्नी को गांव छोड़कर आ गया था।

बुधवार को थाना सेक्टर-39 को सूचना मिली कि सेक्टर-42 झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली महिला जिसका




नाम विनीता (50) अपने पति की मौत के बाद करीब 3 साल से गौतम के साथ झुग्गी-झोपड़ी में रह रही थी। कल रात में विनीता और गौतम में किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा और मारपीट हो गई। मारपीट में महिला की मौत हो गई। उक्त सूचना पर थाना सेक्टर-39 पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आरोपी गौतम को हिरासत में लिया गया है। महिला के परिजनों से शिकायत लेकर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गौतम पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। वहां उसकी शादी हो चुकी हे। आरा में वो आदिवासी समूह के साथ मिलकर काम करता था। वहां पत्नी से विवाद होने के बाद वो नोएडा आ गया। यहां उसकी मुलाकात विनीता से हुई। विनीता के पति की मौत हो चुकी थी। दोनों एक साथ सेक्टर-42 की झुग्गी में रहने लगे। गौतम कूड़ा उठाने का काम करता है। इस बीच उसे पता चला कि उसके काम पर जाने के बाद कुछ और लोग विनीता से मिलने आते थे। जिसको लेकर उसने विनीता से कई बार झगडा हो चुका था। मंगलवार रात को भी इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। गौतम ने आपा खो दिया पहले महिला का गला दबाया उसके बाद सिर पर वॉर किया। गंभीर चोट लगने से विनीता की मौके पर ही मौत हो गई। शोरशराबा के बीच इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

# ओएसडी ने ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर दो-तीन का लिया जायजा

## गंदगी मिलने पर 50 हजार का जुर्माना, कूड़ा मिलने पर ठेकेदार को चेतावनी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से चलाया जा रहा जांच अभियान जारी है। प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर दो व तीन का निरीक्षण किया। सेक्टर तीन में एक घर के सामने सीएंडडी वेस्ट का ढेर लगा होने पर ओएसडी ने फर्म पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। रोड किनारे कूड़ा मिलने पर ठेकेदार पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ओएसडी स्वास्थ्य संतोष कुमार को टीम के साथ गांवों और सेक्टरों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त



करने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में ओएसडी संतोष कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह और टीम ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के अलग-अलग एरिया में जाकर औचक निरीक्षण किया। ओएसडी सबसे पहले चार मूर्ति चौक से तिगड़ी गोलचक्कर तक की रोड की सफाई व्यवस्था को देखा। रोड किनारे कूड़ा पड़ा मिला, जिस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को कड़ी फटकार लगाई और संबंधित ठेकेदार को फोन कर तत्काल सफाई कराने और दोबारा गंदगी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। ओएसडी सेक्टर तीन पहुंचे। यहां मकान नंबर 606 के सामने सीएंडडी वेस्ट का ढेर लगा दिखा। इस पर ओएसडी ने संबंधित फर्म राइज इलेवन पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

सेक्टर दो में भी सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सभी एजेंसियों को लगाकर पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। ओएसडी संतोष कुमार ने कहा है कि शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## ड्रग्स, मनी लॉड्रिंग और आतंकी गतिविधियों का डर दिखाकर 52.50 लाख कराए ट्रांसफर

नोएडा। पार्सल में ड्रग्स होने की बात कहकर साइबर जालसाज़ ने भारतीय रेलवे से रिटायर्ड जीएम के साथ 52 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली। 24 घंटे डिजिटल अरेस्ट कर जालसाज़ ने तीन बार में 69 साल रिटायर्ड जीएम से खाते में रकम ट्रांसफर कराई। ठगी की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। पुलिस ने अज्ञात जालसाज़ के खिलाफ आईटी एक्ट और धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली सिलिकॉन सोसाइटी निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि नौ मई को उनके मोबाइल पर एक रिकॉर्डेड मैसेज आया, जिसमें बताया कि शिकायतकर्ता ने एक पार्सल भेजा है, जो अभी तक डिलीवरी नहीं हुआ है। ज्यादा जानकारी के लिए शिकायतकर्ता को मोबाइल पर एक दबाने के लिए बोला गया। ऐसा करने पर कॉल एक अन्य व्यक्ति को ट्रांसफर हो गई। उसने कहा कि प्रमोद की ओर से जो पार्सल भेजा गया है, उसे ताइवान कस्टम विभाग ने इसलिए सीज कर दिया है। उसमें कई आपत्तिजनक सामग्री है। शिकायतकर्ता ने जब कॉलर से कहा कि उसने ताइवान के लिए कोई पार्सल भेजा ही नहीं है, तो जालसाज़ ने शिकायतकर्ता से उसका आधार और मोबाइल नंबर पूछा। क्रॉस चेक कर जालसाज़ ने बताया कि जो पार्सल भेजा गया है, उसमें आधार कार्ड और मोबाइल नंबर शिकायतकर्ता का ही इस्तेमाल किया गया है।

## एलईडी टीवी खराब निकलने पर पूरा पैसा लौटाएगी कंपनी

ग्रेटर नोएडा। उत्पाद खराब निकलने पर कंपनी को पूरा पैसा लौटाना होगा, उसमें कोई कटौती नहीं की जा सकती है। ऐसे ही एक मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने एलईडी टीवी खराब होने पर इंफिनिटी रीटेल लिमिटेड को खरीदार से लिया पूरा पैसा लौटाने का आदेश दिया है। आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्या अंजू शर्मा ने मामले की सुनवाई की। नोएडा के सेक्टर-24 निवासी विजय गंभीर ने इंफिनिटी रीटेल लिमिटेड ट्रेडिंग कंपनी से 15 मई 2022 को एलईडी टीवी 31,990 रुपये में खरीदा। कंपनी के कर्मचारी ने उनको बताया कि अगर वें 7144 रुपये का और भुगतान करते है तो उनको दो साल की अतिरिक्त वारंटी मिलेगी। उन्होंने अतिरिक्त वारंटी लेन के लिए कुल 40,635 रुपये का भुगतान कर दिया। 10 जून 2022 को टीवी में कलर की समस्या आने लगी, इसकी शिकायत ग्राहक सेवा केंद्र पर कर दी। कंपनी का एजेंट आया और समस्या का समाधान करके चला गया। उसके बाद एक सप्ताह बाद फिर से यहीं समस्या आई, जिसको दूर करके वह फिर चला गया। 29 मई को एलईडी टीवी पूरी तरह से बंद हो गया। शिकायत करने पर कंपनी का प्रतिनिधि आया, लेकिन ठीक नहीं होने पर दो-तीन दिन में सही करके लाने का आश्वासन देकर टीवी ले गया।

# मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करने वाले 4 गिरफ्तार

## पकड़ा गया एक आरोपी नाबालिग, नोएडा एनसीआर ,मध्यप्रदेश और राजस्थान में करते थे चोरी

नोएडा। सीआरटी व थाना सेक्टर 142 नोएडा पुलिस ने संयुक्त रूप ये मोबाइल टावर से महंगे उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के चार बदमाशों को सेक्टर-140 से गिरफ्तार किया। इसमें एक नाबालिग है। ये लोग स्विफ्ट कार से सुबह और रात में मोबाइल टावर से रेडियो रिसीवर यूनिट, बैटरी चोरी करते थे। जिसको दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर बेचे थे। इनकी पहचान राशिद, विकास उर्फ टोई और जितेंद्र उर्फ सैंकी हुई है। इनका टारगेट नोएडा, एनसीआर के अलावा मध्यप्रदेश और




राजस्थान में भी इन लोगों ने टावरों से चोरी की है।

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि यह एक संगठित अन्तर्राज्यी गिरोह है। गिरोह का मुख्य सदस्य विकास उर्फ टोई नगला चरनदास शिव मंदिर के पास कपूरा के मकान में किराये पर सेक्टर 81 में रहता है। ये पहले भी कई बार जेल जा चुका है जमानत पर बाहर आते एक नया गिरोह तैयार किया और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मोबाइल टावर से बैटरी एवं कीमती सामान चोरी करने लगा। विकास स्विफ्ट कार से दिन के समय में मोबाइल टावर को चिह्नित कर लेता था। चिह्नित किए गए टावर पर रात में पहुंचते थे। विकास मोबाइल टावर चढ़ता था। औजार की मदद से उनमें लगे रेडियो रिसीवर यूनिट व बैटरी व अन्य कीमती उपकरणों को काटकर नीचे गिरा देता था।

# शार्ट न्यूज

## शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर महिला से ठगी

ग्रेटर नोएडा। साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटी निवासी महिला से करीब 32 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।बिसरख पुलिस के मुताबिक आरती स्टेलर जीवन सोसाइटी में रहती हैं। उन्हें कुछ दिनों पहले ठग ने एक व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा। आरोपी ने कहा कि वह शेयर बाजार में निवेश के मामले में उनकी मदद करेगा। उसने महिला का नामांकन भी करवा दिया। महिला का आरोप है कि साइबर ठगों ने जिस वेबसाइट में रुपये निवेश करने के लिए प्रभावित किया, उसके बारे उन्हें कुछ पता नहीं था। वह ठगों के जाल में फंसती चली गई। जब महिला ने कई खातों में करीब 32 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए, इसके बाद उन्हें पता चला कि उन्हें ठगा जा रहा है। इसके बाद महिला ने अपने रुपये वापस करने की मांग तो आरोपियों ने और रुपये जमा करने का झांसा दिया। इसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस की। बिसरख कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई होगी।

## गाजियाबाद में मनाई मां बगलामुखी जयंती

गाजियाबाद। गाजियाबाद के शिवशक्ति धाम डासना में बुधवार को मां बगलामुखी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सबसे पहले पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक हुआ। फिर विधि-विधान के साथ मां बगलामुखी और महादेव का यज्ञ हुआ। इसमें क्षेत्रभर से आए श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सनातन धर्म की रक्षा की प्रार्थना की। महायज्ञ के मुख्य यजमान पंडित गंगाशरण शर्मा और धर्मपत्नी शशि शर्मा रहे। इस मंदिर के पीठाधीश्वर और महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज और सनोज शास्त्री ने पूर्णाहुति सम्पन्न करवाई। आयोजन में डॉ. उदिता त्यागी, हरिनारायण सारस्वत, अनिल यादव, शशि चौहान और बृजमोहन सिंह की प्रमुख भूमिका रही। महायज्ञ के आचार्य पंडित सनोज शास्त्री रहे। इस मौके पर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने बताया कि भक्तों के लिये मां बगलामुखी और महादेव का यह महायज्ञ कल्प वृक्ष के समान है। सनातन धर्म में मां बगलामुखी को विजयश्री और सद्बुद्धि की देवी माना जाता है। महादेव के साथ इनकी साधना से मनुष्य अपने हर तरह के शत्रुओं को पराजित करने योग्य बनता है। भगवान परशुराम इस पृथ्वी पर पहले साधक थे, जिन्होंने मां बगलामुखी और महादेव की साधना करके अलौकिक शक्तियां प्राप्त की।

## सड़कों के निर्माण कार्य 31 मई तक पूरे करने होंगे

गाजियाबाद। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों के संबंध में गाजियाबाद के विकास भवन सभागार में बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्देश दिया गया कि एक अप्रैल 2023 से पूर्व स्वीकृत कार्यों के बाद सांसदों के खाते में बची धनराशि DRDA को वापस की जाए और ये पैसा फिर भारत सरकार के CNA खाते में जमा कर दिया जाए। समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि एक अप्रैल 2023 से पहले ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के 1.62 करोड़ रुपए के कुल सात कार्य स्वीकृत हुए थे। इसके अलावा यूपी सिडको के 44.34 लाख रुपए के दो कार्य स्वीकृत थे। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि 31 मई तक ये काम पूरे कराएं। सीडीओ ने कहा कि गोविंदपुरम अनाज मंडी परिसर में एक सार्वजनिक शौचालय का कार्य ईवीएम वेयर हाउस होने की वजह से बाधित है। इसलिए इस काम के अलावा बाकी सभी काम 31 मई तक पूरे कर लिए जाएं।

## डीडीपीएस स्कूल में 14वें दिन धरना जारी




गाजियाबाद। गाजियाबाद के सेक्टर 23 संजय नगर स्थित डीडीपीएस स्कूल के बाहर 14वे दिन भी छात्रों, उनके पैरेंट्स और पेरेंट्स एसोसिएशन का धरना लगातार जारी है। स्कूल के बाहर टेंट लगाकर बच्चों को पढ़ाया जा रहा। आरोप है की खराब मौसम का बहाना बना कर बिना परमिशन लिए ऑनलाइन क्लास शुरू कर दी गई। साथ ही जो बच्चे और उनके अभिभावक ब्रांच बदलने का विरोध कर रहे थे उनको ऑनलाइन क्लासों से हटा दिया गया। ऐसे छात्रों की संख्या सौ बताई जा रही है। गाजियाबाद में पैरंट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी ने बताया कि संजय नगर सेक्टर 23 के डीडीपीएस स्कूल पर छात्रों और उनके अभिभावकों का अनिश्चितकालीन करने का बुधवार को 14वा दिन है। विवेक त्यागी के मुताबिक स्कूल के गेट के बाहर ही टेंट लगाकर क्लास लगाई जा रही है। जिन मासूमों को स्कूल के अंदर होना चाहिए था वह स्कूल की जिद के कारण स्कूल के गेट पर पढ़ने को मजबूर हो रहे हैं। विवेक त्यागी का आरोप है कि इसकी शिकायत हर संबंधित अधिकारी को दी गई, लेकिन कोई ठोस आश्वासन या कार्रवाई नहीं हुई है।

## मोदीनगर में नाले में मिला युवक का शव

मोदीनगर। मोदीनगर में तिबड़ा मानकी मार्ग पर नाले में बुधवार दोपहर एक युवक का प्लास्टिक की बोरी से लिपटा हुआ शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास में जुट गई है। डीसीपी ग्रामीण और एसीपी मोदीनगर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। फॉरेंसिंक टीम ने घटनास्थल से ज़रुरी साक्ष्य एकत्र किए हैं। लोगों ने हत्या के बाद शव को नाले में फेकने की आशंका जताई है। मोदीनगर पुलिस को बुधवार दोपहर दो बजे के आसपास सूचना मिली कि तिबड़ा मानकी मार्ग पर गांव तिबड़ा के पास नाले में शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। शव प्लास्टिक की बोरी में लिपटा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शरीर पर कान ,माथे ,सिर व अन्य स्थान पर गहरे घाव के निशान दिखाई दे रहे थे। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि हत्या कर शव को नाले में फेंका गया है। हत्या किसी और स्थान की गई और फिर शव को यहां पर लाया गया है।

## अवैध निर्माण करने के मामले में दो भाइयों पर केस दर्ज

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता ने सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करने के मामले में सेक्टर-20 थाने में दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस मामले में नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।अवर अभियंता जय कुमार ने बताया कि निठारी गांव के खसरा संख्या 236 की भूमि पर करण शर्मा और मनोज शर्मा अवैध निर्माण कर रहे हैं। यह नोएडा प्राधिकरण की अर्जित भूमि है। वर्क सर्किल-2 के अवर अभियंता और भूलेख विभाग के लेखपाल ने अवैध निर्माण रुकवा दिया। इसके बावजूद दोनों आरोपी भाई रात में निर्माण कार्य करने लगे। दोनों को जब ऐसा करने से मना किया गया है तो वे टीम के साथ बदसलूकी करने लगे। इस मामले में अब अवैध निर्माण करने वाले करण शर्मा और मनोज शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पूर्व में भी गांव में अतिक्रमण और अवैध निर्माण के मामले सामने आ चुके हैं।

## जेल से छूटे बदमाशों का सत्यापन किया

दादरी। पुलिस ने मंगलवार की रात को छह से अधिक गांव में दबिश देकर हाल में जेल से रिहा हुए अपराधियों का सत्यापन किया। पुलिस ने 12 से अधिक अपराधियों से पूछताछ की। इसके बाद दो पर कार्रवाई की गई। बाकी को छोड़ दिया गया।एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने मंगलवार रात चार टीमें गठित की। इन टीमों ने घोड़ी बछेड़ा, नई आबादी, रिठौड़ी, गिरधरपुर समेत आधा दर्जन से अधिक गांव में दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने 12 से अधिक अपराधियों को हिरासत में लिया। ये वे अपराधी थे, जो किसी आपराधिक घटना में संलिप्त होने के बाद जल्द ही जेल से छूटे हैं। पुलिस ने इन आरोपियों से पूछताछ की है। इस दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया गया कि वे किसी सक्रिय अपराध में शामिल हैं या सामान्य जीवन यापन कर रहे हैं। दो अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बाकी को छोड़ दिया गया।

# सड़क हादसे में तीन की मौत

## बलिया में एनएच 31 पर खड़े ट्रक में ट्रेलर ने मारी टक्कर, तीनों पैदल पानी भरने जा रहे थे

बलिया। बलिया में सड़क हादसे में तीन युवक की मौत हो गई। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के एनएच-31 के किनारे स्थित मंजू सिंह पेट्रोल पंप के पास की है। जहां खड़े ट्रक में तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मारी दी।

जिससे ट्रक के सामने से पानी भरने जा रहे तीन लोगों के ऊपर ट्रक चढ़ गई, तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों ट्रक के क्लीनर और बिहार के निवासी बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

लोगों ने बताया कि मंजू सिंह पेट्रोल पंप के पास बुधवार भोर में एक ट्रक साइड में खड़ा था। जिसके क्लीनर मोहित कुमार, जितेंद्र यादव और गुड्डू यादव पैदल पानी भरने के लिए पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। उसी वक्त ट्रेलर ने ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें तीनों ट्रक की चपेट में आ गए।



### चालक को झपकी आने से दुर्घटना होने की आशंका

आशंका जताई जा रही है कि ट्रेलर चालक को झपकी आने से यह हादसा हुआ। पुलिस ने ट्रेलर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतकों की पहचान मोहित कुमार (24) पुत्र शिवशंकर, जितेंद्र यादव (25) पुत्र कामता यादव तथा गुड्डू यादव (26) पुत्र उमेश यादव के रूप में हुई है। तीनों बिहार के बक्सर के रहने वाले हैं।

### बालू लदी ट्रक लेकर बलिया जा रहे थे

ट्रक चालक मुन्ना यादव ने बताया कि हम बालू लदी ट्रक लेकर बिहटा थाना क्षेत्र के अन्हारी से बलिया के लिए आ रहे थे। बलिया माल्देपुर मोड़ के समीप हम लोग दो बजे रात में अपनी-अपनी ट्रक खड़ी कर दिए। थोड़ी देर बाद तीनों क्लीनर पानी लेने के लिए जा रहे थे। इसी बीच ट्रेलर तीनों को रौंदते हुए ट्रक में लड़ गई।

बिहार राज्य के बक्सर जिला निवासी उमेश यादव काफी मायूस हैं। इनकी मानें तो मृतक गुड्डू मेरा बेटा था, वहीं एक मेरा भतीजा है। उमेश का कहना है कि तीनों खलासी थे। जिनकी मौत हुई है। गाड़ी लेकर आ रहे थे कि सदर कोतवाली क्षेत्र माल्देपुर एनएच 31 के पास ट्रेलर ने अपनी जद में लेकर रौंद दिया। कैसे मौत हुई मुझे नहीं पता। उमेश ने बताया कि गांव पर था, सूचना जैसे मिली हम यहां आ गए।

## हमीरपुर पुलिस की रेपिस्ट से मुठभेड़

हमीरपुर। हमीरपुर पुलिस की आज एक रेपिस्ट के साथ मुठभेड़ हुई है। पुलिस को इस आरोपी की बीती 9 मई से तलाश थी। आज मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी की तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। युवती के साथ रेप की यह घटना 9 मई को सुमेरपुर थाना क्षेत्र में हुई थी। तब युवती के परिजनों ने आरोपी अभिषेक सचान के खिलाफ सुमेरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस तभी से आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। आज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जसपुरा रोड पर जंगल के इलाके में आरोपी मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जब आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की तो आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी, जवाबी कार्रवाई में जब पुलिस ने गोली चलाई तो आरोपी के पैर में लगी है। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लखनऊ के व्यापारी से 50 की ठगी

लखनऊ। लखनऊ के व्यापारी से फैशन टीवी के डायरेक्टर काशिफ खान ने 50 लाख रुपए की ठगी की है। आरोपी व्यापारी से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आया और उसे टीवी की फ्रेंचाइजी देने का ऑफर किया। कहा- 3 साल में कुल आमदनी का 85 प्रतिशत प्रॉफिट दूंगा। इसका एग्रीमेंट भी किया। लेकिन बाद में मुकर गया। व्यापारी ने पैसे वापस मांगे तो आसिफ जान से मारने की धमकी देना लगे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आसिफ शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के ड्रग्स केस में भी आरोपी बन चुका है।

### एग्रीमेंट कराने के बाद मुकरे जालसाज

शालीमार गैलेंट, गोमती नगर विस्तार में रहने वाले मनोज कुमार अग्रवाल कारोबारी हैं। 2022 में सोशल मीडिया के जरिए उनकी मुलाकात फैशन टीवी के एमडी काशिफ खान से हुई। काशिफ खान ने लखनऊ में फैशन टीवी की फ्रेंचाइजी देने बात कही। उनसे कहा कि लखनऊ में उनके साथ मिलकर बिजनेस करेंगे।

फ्रेंचाइजी को लेकर मनोज की काशिफ की टीम के दुष्यंत सिंह,



प्रियेश जैन, हार्दिक गौर से मुलाकात हुई। कंपनी के बारे में पूरी डिटेल देकर 18 लाख 88 हजार रुपए ले लिए और एग्रीमेंट करा लिया। एग्रीमेंट में लिखा था कि लखनऊ में वो किसी अन्य के साथ व्यापार नहीं करेंगे। इसके बाद मनोज को झांसा दिया कि वो एक सैलून खोलना चाहते हैं। मनोज उनके झांसे में आकर अगस्त 2023 में 20 लाख 65 हजार रुपए चेक के जरिए और दे दिए। इसके बाद एक एग्रीमेंट भेजा जो लीगल नहीं था। इसका विरोध करने पर आगे अनुबंध बदलने की बात कही। कुछ दिन बाद व्यापारी को पता चला कि आरोपी किसी अन्य व्यक्ति से फ्रेंचाइजी को लेकर बातचीत कर रहे हैं। जिसके बाद मनोज ने ईमेल से जवाब मांगा तो सही जवाब नहीं मिला। काशिफ से संपर्क करने की कोशिश की तो नहीं हो पाई। जिसके बाद मनोज ने जालसाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।।

## शार्ट न्यूज

### अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार



ललितपुर। नाराहट पुलिस ने एक युवक को अवैध तंमचे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पाली रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर गौना तिराहा के पास नाराहट रोड से अभियुक्त भागी उर्फ भागीरथ पुत्र खलकू अहिरवार उम्र करीब 35 वर्ष निवासी मु0 कबराटा कस्बा व थाना नाराहट को एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना नाराहट पर अभि0 के विरूद्ध मु0अ0सं0 62/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया कर मा0 न्याया0 के समक्ष भेजा जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम प्र0नि0 ज्ञानेन्द्र सिंह थाना नाराहट उ0नि0 रामबालक शुक्ला उ0नि0 लाल सिंह का0 दिलीप कुमार आदि शामिल रहे।

### पैरा मिलिट्री और पुलिस फोर्स ने फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास



ललितपुर। आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत थाना कोतवाली , महिला थाना व थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ अपने अपने थाना क्षेत्र में किया गया फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन क्षेत्र के क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों पर फ्लैग मार्च कर जनता को कराया सुरक्षा का अहसास मिश्रित आबादी/संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कर लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु किया गया जागरूक। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना कोतवाली , महिला थाना व थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ मतदाताओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों व मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन किया गया।

### ललितपुर एवं महरौनी विधानसभा में 540 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया मतदान



ललितपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में 85+ आयु वर्ग व दिव्यांगजन मतदाताओं ने घर से डाला वोट। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों 85+ वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांगजन श्रेणी के विधान सभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित ऐसे मतदाता जिन्होंने नियमानुसार अपने घर से मतदान करने के विकल्प हेतु आवेदन किया गया हो, को उनके निवास पर ही मतदान कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार दिनांक 14 एवं 15 मई 2024 को मतदान दलों के द्वारा 226-ललितपुर एवं 227-महरौनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 85+ आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को उनके निवास पर ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई। जिला प्रशासन के प्रयासों से सभी मतदाताओं ने पूर्ण निर्भीक व निष्पक्षता के साथ अपना वोट डाला। बताया गया कि विधानसभा ललितपुर में कुल 174 में से 161 तथा विधानसभा महरौनी में कुल 403 में से 379 मत डाले गए।

### झांसी के ऑटो ड्राइवर की संदिग्ध अवस्था में मौत

झांसी। झांसी के एक ऑटो ड्राइवर की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। उसे पड़ोस की एक महिला ऑटो बुक कराकर ओरछा ले गई थी। जहां का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। उसे नदी किनारे उल्टा लिटाया गया है और पीठ-पेट दबाया जा रहा है। इसके बाद महिला लाश को लेकर झांसी पहुंच गई और परिजनों को सूचना दी गई। फिलहाल भाई ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक का नाम इंद्र नागर (45) पुत्र मुन्ना सिंह उर्फ चक्कू था। वह झोकनबाग के रहने वाले थे। मृतक के भाई गोविंद नागर ने बताया कि इंद्र नागर ऑटो चलाया करते थे। मंगलवार दोपहर को पड़ोस की एक महिला ने फोन कर ऑटो बुक किया। वह अपने पति और दो बेटियों के साथ ओरछा गई थी। ओरछा में तीन युवक और मिल गए। इसके बाद पार्टी हुई। ओरछा में कोई घटना हो गई। इसके बाद लाश को लेकर वे झांसी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। यहां से हम लोगों को सूचना दी गई। जब हम लोग पहुंचे तो इंद्र की मौत हो चुकी थी।

### मेरठ में पिता ही निकला बेटे का कातिल

मेरठ। मेरठ गंगानगर थाना क्षेत्र के ईशा पुरम में करीब 8 दिन पूर्व हुई जिम ट्रेनर की हत्या का गंगानगर पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार जिम ट्रेनर की हत्या रिटायर्ड फौजी पिता ने पेट में चाकू घोंपकर की थी। आरोपी पिता ने जुर्म कबूल कर लिया है। जिम ट्रेनर की पत्नी ने पति की हत्या का शक उसी के रिटायर्ड फौजी पिता पर जताया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी। करीब आठ दिन पूर्व गंगानगर थाना क्षेत्र के ईशापुरम में पेट में चाकू लगने से जिम ट्रेनर दीपक की मौत हो गई थी। जिम ट्रेनर दीपक की पत्नी शीतल ने अपने पति दीपक की हत्या का आरोप उसके पिता पर लगाया था, पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी, करीब एक सप्ताह बीत जाने के बाद पुलिस ने जिम ट्रेनर के पिता सेना से रिटायर्ड हवा सिंह तेवतिया को गिरफ्तार कर लिया।

### बस्ती में भीषण सड़क हादसा, तीन साधुओं की मौत

बस्ती। बस्ती में एक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में 3 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी 84 कोसी परिक्रमा कर लौट रहे थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना थाना परसरामपुर के रायपुर गांव की बताई जा रही है। हादसा सिकंदरपुर के पास हुआ है। तीनों साधु मखौडा धाम से 84 कोसी परिक्रमा पूर्णकर वापस अयोध्या जा रहे थे। इसी बीच उन्हें पिकअप ने ठोकर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल साधुओं को एम्बुलेंस की मदद से श्रीराम अस्पताल अयोध्या पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। सूत्रों की मानें तो जिस पिकअप से हुआ सड़क हादसा वो भी साधुओं की टीम का था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक को झपकी आने से सड़क हादसा हुआ है। मृत साधुओं की राममिलन पाल पुत्र रामखेलावन, सा. भागीपुर थाना इनायतनगर अयोध्या, रामभजन पाल पुत्र राम अवतार सा. डिगुरी थाना पनियरा जिला महराजगंज के रूप में हुई है।

# मेरठ में 8 साल के बच्चे की मिली लाश

## गड्डे में शव मिलने से हड़कंप, 22 घंटे से लापता था बच्चा

मेरठ। मेरठ में आठ साल के बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। बच्चा 14 मई दिन मंगलवार से घर से लापता हुआ था। आज बुधवार को उसका शव घर से चंद कदम की दूरी पर गड्डे में मिला है। बच्चे के घर वापस आने की आस लगाए बैठी मां के सामने जब बच्चे का शव सामने आया। तब मां अपनी सुध-बुध खो बैठी। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चे का शव मिलने से आस-पास के इलाके में सनसनी फैल गई। टीपीनगर थाना क्षेत्र में आठ साल का एक बच्चा बंशी उर्फ राम मंगलवार 14 मई को दोपहर 3 बजे से लापता था। परिवार लगातार बच्चे को तलाश रहा था। अगले दिन बुधवार सुबह परिवार को किसी ने फोन करके बताया कि एक बच्चा गड्डे में पड़ा हुआ है। परिवार वाले फोन से सूचना मिलने पर जब उस जगह पर पहुंचे, तो वहां गड्डे में एक बच्चे की लाश मिली। बच्चे के गले पर कुछ निशान हैं। परिवार जनों का आरोप है कि शायद बच्चे की गला दबाकर हत्या की गई है। वहीं पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है। इंस्पेक्टर टीपी नगर जितेंद्र कुमार का कहना है कि एक बच्चे का



शव मिला है। हत्या की आशंका लग रही है। फोरेंसिक टीम मौके पर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ये है पूरा मामला

मेरठ में निर्दोष सिंह निवासी शिवम कुंज थाना टीपी नगर निवासी है। निर्दोष सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका आठ साल का बेटा बंसी मंगलवार से लापता है। परिवार के लोगों ने बच्चे को खोजा लेकिन वह नहीं मिला। बुधवार सुबह 6 बजे किसी ने परिवार को फोन कर बताया कि एक बच्चे की लाश मलियाना के पास हरमन सिटी के वहां पड़ी है। लाश की सूचना पर परिवार के लोग वहां मौके पर पहुंचे। देखा तो निर्माणाधीन मकान की नींव में पिलर के पास गड्डे में बच्चे की लाश पड़ी थी।

# चाची के प्रेमी ने मासूम से रेप कर की हत्या

## थप्पड़ लगने से बेहोश हो गई थी बच्ची, चाची ने पकड़े पांव और प्रेमी ने दबाया गला

सहारनपुर। सहारनपुर पुलिस ने 13 मई को मासूम बच्ची की हुई हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। मासूम ने जब चाची को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। आरोपी युवक ने मासूम के थप्पड़ मार दिया था। जिससे वह बेहोश हो गई थी। होश में लाने के लिए मृतका की चाची बाहर से पानी लेने गई तो आरोपी युवक ने बच्ची के साथ रेप कर लिया। उसके बाद दोनों ने मिलकर बच्ची का गला दबाकर हत्या कर दी। मामला थाना गागलहेड़ी के गांव भाभरी की है।

### थप्पड़ लगते ही बेहोश हो गई थी मासूम

पुलिस लाइन सभागार में एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया, 12 मई की सुबह करीब 11.30 बजे मासूम घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाली चाची वर्षा पत्नी विकास के पास उसका प्रेमी शुभम पहुंच गया। दोनों आपत्तिजनक स्थिति में थे, तभी बच्ची कमरे में चली गई। जब मासूम बच्ची यह देखकर वापस जा रही थी। तभी बच्ची को आरोपी शुभम ने पकड़ लिया और तेज से थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ इतनी तेज था



कि बच्ची का सिर दीवार में टकरा गया और वह बेहोश हो गई। उसके बाद मृतका की आरोपी चाची वर्षा और शुभम ने गला दबाकर मासूम की हत्या कर दी।

### हत्या कर शव स्टोर में छुपाया

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी चाची वर्षा टूट गई और उसने पूरा घटनाक्रम बताया। पूछताछ में उसने बताया कि उसके शुभम से करीब छह साल से संबंध है। वह जिला हरिद्वार में गांव करौंदी में एक होटल में होमटैल का काम करता है। परिवार के लोगों को उनके अवैध संबंधों के बारे में पता था। वह विरोध भी करते थे। विरोध के बाद भी दोनों छुप-छुपकर मिलते थे। मृतका के पिता से भी शुभम की कहासुनी हुई थी। जिस कारण शुभम रंजिश रखता था। 12 मई को शुभम गांव में आया हुआ था। दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में मासूम बच्ची ने देख लिया था। शुभम के थप्पड़ मारने से बच्ची बेहोश हो गई थी। उसके बाद हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

### हत्या से पहले मासूम से किया रेप

आरोपी शुभम ने मृतका के पिता का गुस्सा बच्ची पर उतार और मासूम को थप्पड़ मार दिया। जिससे बच्ची बेहोश हो गई। आरोपी वर्षा बच्ची को होश में लाने के लिए घर के बाहर से पानी लेने के लिए गई। जिसे आने में 10 से 15 मिनट लग गए। आरोपी महिला बाहर अपने परिजनों को देख रही थी। इसी बीच मौका पाकर आरोपी शुभम ने 5 साल की मासूम बच्ची के साथ रेप किया। तभी आरोपी वर्षा भी आ गई। बच्ची पानी डालने के बाद भी नहीं उठी तो दोनों ने मासूम को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया।

### हत्या कर स्टोर में छिपा दी थी लाश

हत्यारोपी वर्षा और शुभम ने शव को घर में ही एक स्टोर में छुपा दिया। स्टोर में राख और प्याज के छिलके रखे हुए थे। जिस कारण मासूम के शरीर पर राख, प्याज और चावल के दाने मिले थे।

उधर, पुलिस अगले दिन यानी 13 मई की सुबह पहुंच गई। जब आरोपी वर्षा ने पुलिस के साथ डॉग स्क्वार्ड देखी तो वह घबरा गई। उसने सोचा वह अब पकड़ी जाएगी। आरोपी वर्षा ने अपने घर के पीछे की दीवार में बने एक हॉल से बच्ची के शव को बोरे में डालकर फेंक दिया। जब डॉग ने बच्ची का शव ढूंढ लिया तो शक चाचा के परिवार पर गया। उनसे पूछताछ की। तब आरोपी वर्षा टूट गई और हत्याकांड के बारे में सब बता दिया।

# कानपुर के 7 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

## पुलिस, बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वॉड पहुंचा; रूसी सर्वर से भेजा गया ई-मेल

कानपुर। दिल्ली एनसीआर और लखनऊ के बाद अब कानपुर के 7 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार सुबह पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीम स्कूलों में जांच करने पहुंची। पुलिस सबसे पहले गुमटी इलाके में श्री सनातन धर्म एजुकेशन स्कूल पहुंची। पुलिस को देखकर वहां हड़कंप मच गया। बच्चे सहम गए। क्लास रूम से बाहर आ गए। कुछ बच्चे रोने लगे।

प्रबंधन ने तुरंत पैरेंट्स को सूचना दी। स्कूल में छुट्टी कर दी गई। टीम एक-एक करके सभी स्कूलों की जांच कर रही है। हालांकि अभी तक बम जैसा कुछ मिला नहीं।

पुलिस ने बताया जिन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, उनमें



गुलमोहर विहार पब्लिक स्कूल, केडीएमए स्कूल, केंद्रीय विद्यालय कैंट, सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर, द चिंटेल्स स्कूल, केंद्रीय विद्यालय अर्मापुर और वीरेंद्र स्वरूप स्कूल सिविल लाइंस हैं।

दरअसल, 13 मई को ई-मेल के जरिए स्कूलों को धमकी दी गई। लेकिन, उस दिन वोटिंग के चलते छुट्टी थी, इसलिए ई-मेल चेक नहीं हुआ। इसलिए अगले दिन इसकी जानकारी मिली। स्कूल प्रबंधकों से मंगलवार की शाम पुलिस कमिश्नर ने बम की धमकी मिलने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि धमकी भरा ई-मेल भेजने में रूसी सर्वर का इस्तेमाल हुआ है। धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद बुधवार को कई स्कूलों ने छुट्टी कर दी। पुलिस को शक है कि 13 मई को वोटिंग थी, उसी को प्रभावित करने के लिए मेल से धमकी भेजी गई थी। लेकिन स्कूल प्रबंधकों को इसकी जानकारी बाद में हो सकी। जिन स्कूलों को उड़ाने की धमकी दी गई, उनमें कई स्कूल मतदान केंद्र बनाए गए थे। वोटिंग वाले दिन दहशत का माहौल बनाने की साजिश थी।

गुलमोहर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल अमिता तिवारी ने बताया कि पुलिस ने पूरे स्कूल की जांच की। बम निरोधक दस्ते ने भी चप्पे चप्पे की छानबीन की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। बुधवार को स्कूल बंद कर दिया गया है। कल से अपने समय पर स्कूल खुलेगा।

# वाराणसी में बीयर की बोतल घोंपकर युवक की हत्या

वाराणसी। वाराणसी के जैतपुरा थाना के बकरियाकुंड इलाके में मंगलवार रात कुछ युवकों ने विवाद के बाद रिक्शा चालक की पिटाई कर दी। उसे मारने पीटने के बाद बीयर की बोतल तोड़कर पेट में घोंप दी। वारदात को अंजाम देकर सभी हमलावर फरार हो गए।

युवक की चीख सुनकर उसका भाई और आसपास के लोग जुट गए। घायल युवक को अस्पताल ले गए। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किया।पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

शक्कर तालाब निवासी आरिफ ई-रिक्शा चलाता है। उसके साथ ही उसका भाई साबिर भी रहता था। दोनों रिक्शा चलाकर अपना गुजारा कर रहे थे। आरिफ ने बताया कि मंगलवार रात बकरियाकुंड में साबिर का किसी से विवाद हुआ था। हमलावर ने पहले तो साबिर को जमकर लात घूसों से पीटा। इसके बाद हमलावर ने बीयर की बोतल से साबिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमलावरों ने पेट में बोतल घुसा दी, जिसके कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके शरीर के आंतरिक अंग तक बाहर निकल आए। जिससे खून से लतपथ होकर गिर पड़ा।

वहीं चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लहुलुहान साबिर को लोगों की मदद से ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## हमीरपुर में खेत में मिली किशोरी की लाश

हमीरपुर। हमीरपुर के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में आज एक 16 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध हालत में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद ही किशोरी की मौत का सही कारण पता चलेगा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। शव मिलने का यह मामला इंगोहटा का है। यहां जयप्रकाश उर्फ पप्पू मिश्रा का गांव के बाहर निजी नलकूप है, जिसमें वह परिवार सहित रहते हैं। उनके चार बेटियां और दो बेटे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे वह पत्नी सहित बच्चों के साथ खाना खाने के बाद सो गए। सुबह जागे तो 16 वर्षीय बेटी खुशी अपने बिस्तर से गायब थी। परेशान सभी लोग उसकी तलाश में जुट गए। कुछ देर बाद उसका शव नलकूप से करीब 500 मीटर दूर बंधी किनारे पड़ा मिला है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।इंगोहटा चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि मृतका के शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा। पिता, मां मालती सहित भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता का कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। बेटी की हत्या की गई है या उसने आत्महत्या की है कुछ नहीं कह सकते हैं।

## जौनपुर में पांच शातिर चोर हुए गिरफ्तार

जौनपुर। जौनपुर के जफराबाद थाने की पुलिस ने चोर गिरोह के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया। पुलिस ने चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद करते हुए पांच चोरों को गिरफ्तार किया। साथ ही उन पर कार्रवाई कर जेल भेज दिया। चोरी का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार ने बताया कि थाना प्रभारी सुरेंद्र नाथ सिंह अपने हमराहियों के साथ बेलाव पुल पर चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि बेलाव घाट पुल पर कुछ आपराधिक तत्व बेलाव पुल के पास है। पुलिस टीम बनाकर घेराबंदी करके पांचों को गिरफ्तार कर लिया।

## सीओ और कोतवाल ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च

**ललितपुर।** तालबेहट , आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत थाना कोतवाली/थाना तालबेहट/थाना बानपुर/ थाना जाखलौन /थाना नाराहट/ थाना सौजना /थाना बार पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ अपने अपने थाना क्षेत्र में किया गया फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन क्षेत्र के क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों पर फ्लैग मार्च कर जनता को कराया सुरक्षा का अहसास। मिश्रित आबादी/संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कर लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु किया गया जागरूक। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना कोतवाली/थाना तालबेहट/थाना बानपुर/ थाना जाखलौन /थाना



नाराहट/ थाना सौजना /थाना बार पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन किया गया एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ मतदाताओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों व मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान मतदान केंद्र एवं क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आम जनता से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग करने एवं भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल चुनाव हेल्प लाइन नम्बर 7839697416 / डायल 112 / सम्बन्धित थाना / चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें ललितपुर पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी ।

## चीन कंपनियों ने बटोरा पैसा, ग्वादर पोर्ट बनवाकर फंस गया पाकिस्तान

कराची । पाकिस्तान और चीन ने सीपीईसी और ग्वादर पोर्ट का प्लान यह सोचकर बनाया था कि इससे शिनजियांग से समुद्र तक कनेक्टिविटी हो जाएगी। इसका जरिया पाकिस्तान बनेगा और ग्वादर को दुबई बनाने का सपना देखा जा रहा था। पाकिस्तान को लग रहा था कि इसके जरिए उसे बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश मिलेगा और समुद्र किनारे बसे ग्वादर को दुबई जैसी चमक-धमक मिलेगी। लेकिन जिस तरह से यहां असफलता हाथ लगी है, वह पाकिस्तान और चीन दोनों के लिए निराशाजनक है। हालांकि इसमें पाकिस्तान को ज्यादा घाटा है और वह आर्थिक संकट में भी फंस सकता है। पाकिस्तान के फंसने की वजह यह है कि ग्वादर पोर्ट के लिए लोन चीन के बैंकों ने दिया है। फिर ग्वादर के निर्माण के ठेके भी चीनी कंपनियों को मिले और बड़े पैमाने पर वह रकम चीन के ही पास पहुंच गई। पोर्ट की लागत के लिए कर्ज लिया गया था, वह पाकिस्तान के सिर पर है। इस तरह ग्वादर का विकास भी नहीं हो सका और कर्ज भी देना होगा। चीन के मामलों का अध्ययन करने वाले जैकब मार्डेल ने डॉएचे वेले से कहा, इस मॉडल के तहत चीनी कंपनियों को बड़ी सब्सिडी मिलती है। चीनी बैंक पहले उन देशों की सरकारों को लोन देते हैं, जहां प्रोजेक्ट बन रहा होता है। इसके बाद ठेके चीनी कंपनियों को ही मिलते हैं। इस तरह चीन अपना पैसा वापस ले लेता है और उन देशों के ऊपर कर्ज आता है, जहां प्रोजेक्ट होता है। इस तरह चीन का पैसा एक तरह से उसके ही पास रहता है और दूसरे देश के टैक्सपेयर्स पर बोझ बढ़ता है। चीन के बेल्ट ऐंड रोड प्रोजेक्ट से जुड़ने वाले सबसे शुरुआती देशों में से एक पाकिस्तान था। यही नहीं भारत के हिस्से वाले जम्मू-कश्मीर प्रांत के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र से ही यह प्रोजेक्ट भी गुजर रहा है, जिसका भारत ने विरोध किया था। चीन और पाकिस्तान के बीच बने इस कॉरिडोर को चाइना पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर नाम दिया गया है, लेकिन आर्थिक प्रगति की बात करें तो करीब दो दशक बीतने के बाद भी पाकिस्तान खाली हाथ है। यही नहीं जिस ग्वादर पोर्ट को गाजे-बाजे के साथ 2007 में पूरा किया गया और 2013 में चीनी कंपनियों को सौंप दिया गया, वह भी फेल साबित हो रहा है इसकी वजह यह है कि यहां जहाज नहीं आ रहे हैं। मालवाहक जहाज इस पोर्ट की बजाय कराची ही जाना पसंद कर रहे हैं। इसकी वजह यह भी है कि यहां एक साल में 1,37,000 ही 20 फुट के स्टैंडर्ड कंटेनर हैंडल किए जा सकते हैं। वहीं कराची पोर्ट की क्षमता 42 लाख कंटेनर्स की है। ग्वादर का रणनीतिक महत्व भी है क्योंकि यह कराची से महज 500 किलोमीटर की दूरी पर है और ईरान की सीमा से भी नजदीक है। यह पोर्ट सीपीईसी की लाइफलाइन कहा जा रहा था।

## पॉच घंटे में लंदन से न्यूयॉर्क पहुंचा देगा सुपरसॉनिक प्लेन, आधा कर देगा लंबे सफर का समय

वाशिंगटन । नया सुपर-सोनिक प्लेन मात्र एक घंटे से भी कम समय में यात्रियों को यहां से वहॉ पहुंचा देगा। लंदन से न्यूयॉर्क जैसे शहर के सफर को पांच घंटे से भी कम का कर देगा। 1836 किमी प्रति घंटे की तेज गति से 300 भाग्यशाली यात्रियों को सफर कराने के लिए तैयार है, जो कि आज की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। सबसे तेज़ वाणिज्यिक जेट की इस तकनीक का मतलब यह हो सकता है कि हम जल्द ही दिल्ली से लंदन तक नौ घंटे की उड़ान वाले थकाउ सफर को अलविदा कह देंगे। स्काई ओवी इवो के पीछे स्पैनियार्ड ऑस्कर विनल्स का ब्रेनबॉक्स है, और वह विलासिता पर कोई कंजूसी नहीं कर रहा है। यह उड़ने वाला चमत्कार शयनकक्षों, शानदार सुइट्स और यहां तक कि राजघरानों के लिए उपयुक्त बाथरूम का वादा करता है। एक वेबसाइट बताती है कि भविष्य के हवाई जहाज के इंजन और विमान हल्के, शांत और अधिक कुशल होंगे, उड़ान भरने का अनुभव आज की तुलना में काफी अलग होगा, अधिक जगह, विशेष वस्तुएं, और सुविधाएं भी होंगी। विमान को पंख रहित कहा जा रहा है, जबकि वास्तव में इसमका मिश्रित पंख के आकार का डिजाइन है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह खिंचाव को कम करने में मदद करता है। दावा है कि इस आकृति का उपयोग नासा जैसे संगठनों ने भी किया है क्योंकि यह ईंधन अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद कर सकता है। बूम सुपरसोनिक की नई विमान अवधारणा, ओवरचर, की रफ्तार 2000 किमी प्रति घंटे तक की गति तक पहुंच सकती है। अमेरिका स्थित कंपनी का लक्ष्य मियामी और लंदन के बीच उड़ान के समय को आठ घंटे और 45 मिनट से घटाकर मात्र पांच घंटे करना है। अब लोगों को ऐसे विमानों का ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा।वेबसाइट आगे कहती है कि इस प्रकार के विमान के पंखों का फैलाव बोइंग 747 से थोड़ा अधिक होगा और यह मौजूदा हवाई अड्डे के टर्मिनलों से संचालित हो सकता है, साथ ही यह भी कहा गया है कि विमान का वजन भी कम होगा, शोर और उत्सर्जन भी कम होगा। इसे संचालित करने की लागत भी कम होगी। यह ध्वनि अवरोध को तोड़ने का लक्ष्य रखने वाला विकास में एकमात्र उल्लेखनीय विमान नहीं है।

## अरबपति बिल गेट्स से तलाक के बाद अब मेलिंडा कारोबार से भी होंगी अलग

**-फाउंडेशन के को-चेयरमैन पद से देंगी इस्तीफा, 100000 करोड़ मिलेंगे**

नई दिल्ली । दुनिया के जाने माने अरबपति और समाजसेवी बिल गेट्स और उनकी पत्नी मेलिंडा फेंच गेट्स को अलग हुए ती साल से ज्यादा हो चुके है। अब मेलिंडा, बिल गेट्स के व्यापार व परोपकारी गतिविधियों से भी अलग हो रही हैं। मेलिंडा फेंच गेट्स ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के को-चेयरमैन के पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। यह संगठन दुनिया में प्रभावशाली संगठनों में से एक है। मेलिंडा फेंच ने अपने एक्स पर पोस्ट किया कि फाउंडेशन में उनके काम का आखिरी दिन 7 जून होगा। मेलिंडा फेंच ने कहा कि यह फैसला उन्होंने सोच-समझकर लिया है क्योंकि यह इतना आसान नहीं था लेकिन, यह सही समय है कि वे परोपकार के क्षेत्र में दूसरे पड़ाव की ओर जाएं। मेलिंडा इस फाउंडेशन से साल 2000 से जुड़ी हैं। इस इस्तीफे के बाद मेलिंडा को परोपकारी कार्यों को जारी रखने के लिए 12.5 बिलियन डॉलर मिलेंगे। इस्तीफे का ऐलान करते हुए मेलिंडा फेंच ने कहा कि वह यह कदम इस भरोसे के साथ उठा रही हैं कि गेट्स फाउंडेशन मजबूत हालत में है। मेलिंडा ने कहा कि बिल गेट्स के साथ उनके समझौते की शर्तों के तहत, फाउंडेशन छोड़ने पर, उनके पास महिलाओं और उनके परिवारों से जुड़े काम के लिए 12.5 बिलियन डॉलर होंगे जो भारतीय रुपयों में 100000 करोड़ हैं। मेलिंडा फेंच ने कहा कि वह भविष्य में अपनी परोपकारी योजनाओं के बारे में और ज्यादा जानकारी शेयर करेंगी। वहीं, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सीईओ, मार्क सुज़मैन ने कहा कि बिल गेट्स की विरासत और मेलिंडा के योगदान का सम्मान करने के लिए फाउंडेशन का नाम बदलकर गेट्स फाउंडेशन कर दिया जाएगा। साथ ही अब बिल गेट्स फाउंडेशन का एकमात्र अध्यक्ष रह जाएंगे। सुज़मैन ने आगे कहा कि मेलिंडा फेंच ने यह निर्णय काफ़ी चिंतन के बाद लिया है। उन्होंने विचार किया कि वह अपने परोपकारी कार्य के अगले अध्याय को कैसे बिताना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि मेलिंडा के पास उस भूमिका को लेकर नए विचार हैं जो वह अमेरिका और दुनिया भर में महिलाओं और परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निभाना चाहती हैं। बिल गेट्स और मेलिंडा ने शादी के 27 साल बाद मई 2021 में तलाक ले लिया था। दोनों पहली बार 1987 में मिले थे और सात साल बाद 1994 में शादी कर ली थी।

## करीब दो दशकों में सूर्य से निकली सबसे बड़ी सौर ज्वाला

कोलोराडो । सूर्य से जो सौर ज्वाला निकली वह पिछले लगभग दो दशकों में पैदा हुई सबसे बड़ी सौर ज्वाला थी। कुछ दिन पहले ही पृथ्वी पर भयंकर सौर तूफान का प्रभाव पड़ा था। इसकारण कई स्थानों पर भी चमकदार नॉर्दर्न लाइट्स पैदा हो



गई थीं, जहां पहले कभी ऐसा नहीं देखा गया था। 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (एनओएए) ने कहा ''ऐसा अभी तक नहीं हुआ....! एनओएए के अनुसार, यह 11 साल के इस सौर चक्र की सबसे बड़ी चमक है, जो अपने चरम पर पहुंच रही है। अच्छी खबर यह है कि पृथ्वी इस बार आग के प्रभाव क्षेत्र से बाहर होनी चाहिए, क्योंकि सूर्य के एक हिस्से पर भड़की ज्वाला पृथ्वी से दूर है। नासा की सोलर डायनेमिक्स वेधशाला ने ज्वाला की 'एक्स-रे' चमक को कैमरे में कैद किया। यह साल 2005 के बाद सबसे ज्यादा चमकदार थी। नासा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर, सात अंतरिक्ष यात्रियों को मजबूत विकिरण सुरक्षा वाले क्षेत्रों में रहने की सलाह दी गई थी। हालांकि नासा ने कहा है कि चालक दल कभी भी किसी खतरे में नहीं था।



ताइपे में ताइवान की महारानी निमफिया वाइंड और राष्ट्रपति तसाई इंग वेन बात करते हुए।

## राफा में हालात चिंताजनक.... इजरायली सेना शहरों में घुसी बमों की हो रही बारिश

**-नरसंहार की आशंका, 5 लाख लोग राफा छोड़कर भागे**

राफा । गाजा के बाद इजरायली सेना ने अपना ध्यान राफा शहर पर लगा दिया है। अमेरिका सहित अपने तमाम सहयोगी देशों की चेतावनी को नजरअंदाज कर बेंजामिन नेतन्याहू की सेना राफा में लगातार अंदर जा रही है। गाजा के बाद अब राफा में नरसंहार की आशंका बढ़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इजरायली सेना राफा में भी लोगों से उसी तरह पेश आ रही है, जैसे गाजा में हो रहा था। इजरायली सेना का सड़कों पर उत्पात मचाना और बमों की बारिश करना जारी है। रिपोर्ट है कि इजरायली टैंक अब रिहायशी इलाकों तक भी पहुंच गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टैंकों को महत्वपूर्ण सलाह अल-दीन सड़क से पार करते हुए देखा गया है। यह सड़क गाजा को उत्तरी और दक्षिणी हिस्से में विभाजित करती है। एक व्यक्ति ने बताया, इजरायली सेना रिहायशी इलाकों के अंदर आ गए हैं। सड़क पर जगह-जगह झड़पें हो रही हैं। ये दृश्य काफी तनाव भरे हैं। राफा में घुसते ही इजरायली सेना और हमास आतंकियों के बीच जंग शुरू हो गई है। हमास की एक सशस्त्र शाखा ने दावा किया कि उसने पूर्वी अल-सलाम में एक मिसाइल से इजरायली सैन्य वाहन को नष्ट कर दिया, जिसमें चालक दल के कुछ सदस्य मारे गए हैं। हालांकि इजरायल रक्षा बलों ने अपुष्ट रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इंकार किया। इस बीच आईडीएफ ने कहा कि उसके बलों ने राफा सीमा पर करीबी लड़ाई में कई सशस्त्र आतंकवादियों को मार डाला। आईडीएफ ने कहा कि शहर के पूर्व में उसने उग्रवादियों एक टोली और पोस्ट को भी नष्ट कर दिया है, जहां से उसके सैनिकों पर मिसाइलें दागी जा रही थीं।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा फिलिस्तीन को देगी यूएन में पूर्ण सदस्यता वाला दर्जा?

**-भारत ने कहा-द्विराष्ट्र समाधान ही इस अशांत क्षेत्र में टिकाऊ शांति लाएगा**

**जेनेवा(एजेंसी)।** गाजा में चल रहे इजराइल और हमास युद्ध में इजराइली हमलों में हजारों फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। इसे लेकर दुनिया के कई देशों में इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी हो रहे हैं। वहीं अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के अपने समर्थन को लेकर कहा है कि सीधी और सार्थक बातचीत के जरिये हासिल द्विराष्ट्र समाधान ही इस अशांत क्षेत्र में टिकाऊ शांति लाएगा।



भारत ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया था। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि फिलिस्तीन (पूर्ण सदस्यता पाने की) योग्यता रखता है और इसे संयुक्त राष्ट्र के पूर्ण सदस्य का दर्जा मिलना ही चाहिए और इस विषय पर सुरक्षा परिषद अनुकूल तरीके से फिर से विचार करे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा था अपने पुराने रुख को बरकरार रखते हुए, हम संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता का समर्थन करते हैं और इसलिए हमने इस प्रस्ताव के समर्थन में वोट दिया है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि फिलिस्तीन की अर्जी पर सुरक्षा परिषद आने वाले समय में विचार करेगी और फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना लिया जाएगा।

विगत दिवस एक आपात विशेष सत्र के लिए 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक हुई थी जिसमें संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में नये सदस्य को शामिल करने को पिछले साल मई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पेश किया था। यूएई ने अरब समूह के अध्यक्ष के तौर पर यह प्रस्ताव पेश किया था। प्रस्ताव के पक्ष में भारत समेत 143 सदस्य देशों ने वोट किया था और नौ ने इसके खिलाफ मतदान किया था जबकि 25 सदस्य देश अनुपस्थित थे। मतदान के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा कक्ष तालियों से गूंज उठा था। प्रस्ताव में कहा गया है कि फिलिस्तीन, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 4 के अनुसार वैश्विक संस्था की सदस्यता पाने के योग्य है और इसलिए इसे इसके सदस्य के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए।

बता दें वर्तमान में फिलिस्तीन, संयुक्त राष्ट्र में गैर-सदस्य पर्यवेक्षक देश है, उसे यह दर्जा 2012 में महासभा ने प्रदान किया था। यह दर्जा फिलिस्तीन को वैश्विक संस्था की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देता है लेकिन वह प्रस्तावों पर मतदान नहीं कर सकता। कंबोज ने कहा कि भारत के नेतृत्व ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि पूर्ण सदस्य के दर्जा पर सीधी और सार्थक बातचीत के जरिये हासिल केवल द्विराष्ट्र समाधान ही टिकाऊ शांति लाएगा। उन्होंने कहा कि भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करने के प्रति प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीन के लोग इजरायल की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए अपनी सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में मुक्त रूप से रह सकें। एक टिकाऊ समाधान पर पहुंचने के लिए, हम सभी पक्षों से सीधी शांति वार्ता बहाल करने के लिए सौहार्द्रपूर्ण माहौल बनाने का अनुरोध करते हैं।

## पहले डैनियल्स अब माइकल ने बढ़ाई ट्रंप की मुसीबत

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वजह ये है कि पहले एडल्ट फिल्मों में काम करने वाली स्टॉर्मी डैनियल्स ने ट्रंप की मुसीबत बढ़ाई थी अब उनके सहयोगी माइकल कोहेन ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। ट्रंप के फिक्सर रहे माइकल कोहेन ने स्टॉर्मी डैनियल्स मामले को छिपाने के लिए 'कैच एंड किल' स्कीम शुरू की थी, जिसमें अखबारों और पत्रिकाओं के संपादकों को खबर रोकने के लिए पैसे दिए गए थे। कोहेन के इस दावे से ट्रंप की परेशानी और बढ़ सकती है। बता दें कि एडल्ट फिल्म एक्ट्रेस स्टॉर्मी डैनियल्स ने दावा किया था कि उनका डोनाल्ड ट्रंप के साथ शारीरिक संबंध बने थे। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप इस आरोप को लगातार खारिज करते आए हैं। अब माइकल कोहेन ने हश मनी पेमेंट मामले में मैनहट्टन कोर्ट में चौंकाने वाले दावे किए हैं।



माइकल कोहेन की ओर से कोर्ट में किए गए दावे से डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े हश मनी केस में अमेरिका के पूर्व राष?ट्रपति के खिलाफ मजबूत आधार बन सकता है। एडल्ट फिल्म एक्ट्रेस स्टॉर्मी डैनियल्स के दावे को मीडिया और लोगों की निगाहों से दूर रखने के लिए उन्हें 1.30 लाख अमेरिकी डॉलर (1 करोड़ रुपये से ज्यादा) का भुगतान किया गया था। माइकल कोहेन ने कोर्ट में ट्रंप टावर के 26वें फ्लोर का खासतौर पर जिक्र किया। कोहेन ने बताया कि ट्रंप टावर की 26वीं मंजिल पर उनकी अमेरिकन मीडिया इंक के सीईओ डेविड पेकर (नेशनल एनक्वायरर के पूर्व प्रकाशक) और डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात हुई थी। यहीं पर 'कैच एंड किल' स्कीम का आगाज किया गया था। पेकर भी इस बारे में पहले जिक्र कर चुके हैं। कोहेन ने प्लान के बारे में विस्तार से बताया। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ नकारात्मक खबरों को दबाने या फिर छुपाने के लिए अखबारों और पत्रिकाओं के संपादकों को पैसे देने की व्यवस्था की गई थी। इसे 'कैच एंड किल स्कीम' के तौर पर जाना गया। कोर्ट के समक्ष माइकल कोहेन के बयान के बाद डोनाल्ड ट्रंप के बचने के रास्ते बंद हो सकते हैं।

## एक जून को होने जा रहे आंदोलन ने पाकिस्तान सरकार की बढ़ाई मुसीबत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** इस वक्त पाकिस्तान सरकार की चौतरफा मुसीबतें बढ़ रहीं है। महंगाई और बदहाली से मुक्ति मिलती इससे पहले यहां होने जा रहे आंदोलन ने पाकिस्तान सरकार की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। माना जा रहा है कि यह आंदोलन बहुत बड़ा होगा और इसमें करीब एक करोड़ लोग शामिल होंगे। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने चेतावनी दी है कि करोड़ों लोग आंदोलन में भाग लेंगे। फजलुर रहमान ने पाकिस्तान में संसद के घटते महत्व पर आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। रिपोर्ट के अनुसार, जेयूआई-एफ प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और संविधान लागू नहीं किया जा रहा है।

जामिया उबैदिया में मीडिया को संबोधित करते हुए जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने देश में संविधान की अनदेखी पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि 1 जून को मुजफ्फरगढ़ से मिलियन मार्च शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को आपत्ति होती है उनके पास कोई विकल्प ही नहीं है कि वे क्या करें। रिपोर्ट के अनुसार, रहमान ने कहा, संसद ने अपना महत्व खो दिया है, हम (जेयूआई-एफ) एक आंदोलन शुरू कर रहे हैं जिसमें जनता की प्रतिक्रिया अपेक्षा से अधिक है।उन्होंने 9 मई की हिंसा को याद करते हुए कहा कि अगर राजनीतिक अस्थिरता जारी रही तो व्यवस्था नष्ट हो जाएगी। रहमान ने कहा, हमें (जेयूआई-एफ) 9 मई के दंगों के संबंध में भी आपत्ति है, लेकिन अगर यह स्थिति (राजनीतिक अस्थिरता) बनी रही, तो सिस्टम पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। गौरतलब है कि जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के नेता मौलाना फजलुर रहमान ने कहा था कि पाकिस्तान के आम चुनावों में धांधली हुई है। उन्होंने गठबंधन सरकार को समर्थन देने से इनकार किया था।रिपोर्ट के अनुसार, फजलुर रहमान ने राजनेताओं से चुनावों से जुड़े विवादों पर बात करने आग्रह किया और संस्थागत सुधारों की वकालत की। उन्होंने इसके साथ ही चुनाव आयोग की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ्ते रहमान ने एक बार फिर आम चुनावों के नतीजों को खारिज कर दिया और व्यापक धांधली और अनियमितताओं का हवाला देते हुए नए चुनावों का आह्वान किया।

# रुस का सामना नहीं कर पा रही यूक्रेन की सेना, खो दिया दूसरा बड़ा शहर

**खारकीव (एजेंसी)।** हथियारों की कमी और मनोबल गिरने से यूक्रेनी सेना युद्ध में पिछड़ रही है। उधर, रूसी सेना विस्फोटक हमलों से यूक्रेनी शहरों को तबाह कर रहे हैं और उसने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के नौ इलाकों पर कब्जा भी कर लिया है। रूसी सेना खारकीव में काफी अंदर आ चुकी है और लगातार आगे बढ़ रही है। फरवरी 2022 से शुरू हुए इस युद्ध के बाद यूक्रेन ने खारकीव को वापस हासिल कर लिया था, अब रूस ने एक बार फिर खारकीव पर कब्जा कर लिया है। अपनी सेना की इस जीत से व्लादिमीर पुतिन गदगद हैं।कुल मिलाकर खारकीव, यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग खतरनाक हो गई है। रूस ने बीते शुक्रवार को सीमा पार से घुसपैठ के बाद खारकीव पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण शुरू होने के बाद यह रूस के लिए बड़ी जीत मानी जा रही है, जमीनी हमले में रूस कम से कम नौ गांवों और बस्तियों पर अपना कब्जा कर चुका है। हजारों की संख्या में लोग अपना स्थान छोड़कर भाग चुके हैं। उधर, यूक्रेनी कमांडरों को इस बात की चिंता है कि अगर रूसी सैनिक शहर की तोपखाने की सीमा के भीतर आ गए तो बड़ी तबाही हो सकती है। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि रूस ने अपने नवीनतम हमले में अपनी पांच प्रमुख बटालियन तैनात किए हैं और स्वीकार किया कि मॉस्को के सैनिकों को खारकीव में कुछ सफलताएं मिली हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिका और पश्चिमी देशों की तरफ से हथियारों की सप्लाई सुस्त या फिर बंद हो गई है। इससे यूक्रेन की सेना का मनोबल भी गिरा है और हथियारों की कमी से वे रूसी सेना के आगे टिक नहीं पा रहे हैं। रूस ने कहा है कि उसकी सेनाएं यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के पास उत्तर-पूर्वी सीमावर्ती शहर वोवचांस्क में प्रवेश कर गई हैं। रूसी सेना खारकीव में दो किलोमीटर तक अंदर आ गई है।



### हमले से बचाव कर रही यूक्रेनी सेना

एक तरफ रूसी सेना ने खारकीव के कई इलाकों पर कब्जा कर लिया है। दूसरी तरफ यूक्रेनी सेना लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने में लगी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के सैन्य अधिकारी शहर में घर-घर जाकर लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील कर रहे हैं। रूसी सेना फरवरी 2022 के बाद शुरू हुए युद्ध में अपनी पुरानी नीति के तहत शहरों को बर्बाद करने में लगी है। दिन भर शहर के ऊपर रूसी विमानों को देखा जा रहा है। हालांकि रूस को मिलती बढ़त के बीच यूक्रेनी अधिकारी उम्मीद जता रहे हैं कि जल्द ही रूसी सेना को पछाड़ लिया जाएगा और शहर में स्थिति फिर बहाल कर दी जाएगी।

# संयुक्त राष्ट्र को समझा लेंगे.. चाबहार पोर्ट से जुड़ी डील पर एस जयशंकर ने संभाला मोर्चा

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रणनीतिक चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिए ईरान के साथ भारत के समझौते से पूरे क्षेत्र को फायदा होगा और लोगों को इसके बारे में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं रखना चाहिए। जयशंकर की टिप्पणी संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा ईरान के साथ व्यापारिक सौदे को लेकर प्रतिबंधों की धमकी के बाद आई है। कोलकाता में अपने पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में बोलते हुए जयशंकर ने कहा यह लोगों को संवाद करने, समझाने का सवाल है कि यह वास्तव में सभी के लाभ के लिए है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसके बारे में संकीर्ण दृष्टिकोण रखना



चाहिए। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका खुद अतीत में चाबहार बंदरगाह की प्रासंगिकता की सहारना कर चुका है।

भारत द्वारा ईरान में चाबहार बंदरगाह को 10 वर्षों के लिए संचालित करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के कुछ घंटों बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका ने दोहराया कि ईरान के साथ व्यापारिक सौदों पर विचार करने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधों के संभावित जोखिम के बारे में पता होना चाहिए। यह बात ऐसे समय में आई है जब कुछ ही दिन पहले अमेरिका ने इजराइल पर हमले के बाद ईरान के मानवरहित हवाई वाहन उत्पादन को निशाना बनाते हुए उस पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने भारत और ईरान के बीच समझौते के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हम इन रिपोर्टों से अवगत हैं कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह के संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मैं भारत सरकार को चाबहार बंदरगाह के साथ-साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों के संबंध में अपनी विदेश नीति के लक्ष्यों के बारे में बात करने दूंगा।

ईरान में भारतीय दूतावास द्वारा एक्स पर पोस्ट की एक श्रृंखला के अनुसार, भारत और ईरान के बीच अनुबंध पर इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के बंदरगाहों और समुद्री संगठन द्वारा बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में तेहरान में हस्ताक्षर किए गए।

# पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराया





गुवाहाटी । गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान सैम करन नाबाद (63)की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है।

145 के छोटे लक्ष्य को हासिल करने उतरी पंजाब किंग्स की पारी शुरुआत में लड़खड़ाती नजर आई। पहले ओवर में प्रभसिमरन सिंह (4) और उसके बाद पांचवें ओवर में राइली रुसो 13 गेंदों में (22) उसी ओवर में शशांक सिंह (शून्य) पर पवेलियन लौट गये। ऐसे समय में कप्तान सैम करन ने जितेश शर्मा के साथ पारी को संभाला। जितेश शर्मा ने 20 गेंदों में 22 रन बनाये। सैम करन ने 41 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्का लगाते हुए नाबाद (63) रनों की पारी खेली। आशुतोष शर्मा 11 गेंदों में (17) रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स ने 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया।

राजस्थान की ओर से आवेश खान और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग (48) और रवि अश्विन के (28) रनों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। उन्हें सैम करन ने आउट किया। टॉम कोहलर और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में नेथन एलिस ने संजू सैमसन (18) को आउट कर पंजाब को दूसरी सफलता दिलाई। अगले ओवर में राहुल चाहर ने टॉम कोहलर (18) को पवेलियन भेज दिया। रवि अश्विन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाये। ध्रुव जुरेल (शून्य), रोवमन पॉवेल (4), डॉनोवन फरेरा (7),ट्रेंट बोल्ट (12) रन बनाकर आउट हुये। रियान पराग ने 34 गेंदों में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक (48) रन बनाये। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया।

# सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के दूसरे दौर में पहुंची




**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21.13, 21.13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के शि हाओ नान और जेंग वेइ हान से होगा।

महिला एकल में अष्मिता चालिहा ने इंडोनेशिया की एस्टर नुरूमी त्रि वार्दोयो को 19.21, 21.15, 21.14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान युइ से होगा । युइ ने भारत की मालविका बंसोड़ को 21.11, 21.10 से हराया।

# पिता के सपने को साकार करने एथलीट बनी ज्योतिका

भुवनेश्वर । आंध्र प्रदेश के गोदावरी जिले की एथलीट ज्योतिका श्री डांडी ने पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश हासिल कर सभी का ध्यान खींचा है। ज्योतिका भारत की ओर से चार गुणा 400 मीटर रिले रेस में क्वालीफाई करने वाली टीम की सदस्य हैं। वह डॉक्टर बनना चाहती थी पर उन्होंने पिता के सपने को पूरा करने खिलाड़ी बनीं। उनके पिता श्रीनिवास राव बॉडी बिल्डर रहे और उन्हें खेलों का शौक था। उन्होंने ही बेटी को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। श्रीनिवास का सपना अपनी बेटी को ओलंपिक में देखने का था जो तीन महीने से भी कम समय में पूरा हुआ है। ज्योतिका बहामास में आयोजित विश्व रिले में चार गुणा 400 मीटर रिले में ओलंपिक टिकट पक्का हासिल करने वाली भारतीय टीम में शामिल थीं। फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर पहुंची ज्योतिका ने कहा, 'मैंने दसवीं कक्षा में 97 फीसदी अंक हासिल किए थे। जब मैं स्कूल में थी तब मैं वास्तव में एक डॉक्टर बनना चाहती थी। मैंने खेल में रुचि लेने के बाद डॉक्टर बनने के बारे में सोचना छोड़ दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता को लगा कि मुझमें एथलेटिक्स में अच्छा प्रदर्शन करने और ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने की प्रतिभा है। उनके त्याग और मुझे एक सफल एथलीट बनाने के जुनून को देखकर मैंने उनके सपनों को पूरा करने का फैसला किया। इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैंने उन्हें यह नहीं बताया कि मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं क्योंकि मैं उन्हें खुश देखना चाहती थी। 2017 तक मुझे खेलों में रुचि नहीं थी पर 2020 के आसपास मैंने रुचि लेना शुरू कर दिया था। ज्योतिका ने कहा, 'मेरे पिता युवावस्था में बॉडीबिल्डर थे पर परिवार से सहयोग न मिलने के कारण उन्होंने खेल छोड़ दिया। अब वह एक व्यवसायी हैं। उन्हें खेलों में बहुत रुचि है और उन्होंने मुझे बहुत प्रेरित किया और वह चाहते हैं कि मैं ओलंपिक में भाग लूं। ज्योतिका ने कहा, 'उनकी (पिता) वजह से मुझे ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा। वह हर चीज का ख्याल रखते हैं। इसलिए, अब मैं ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करते देखने का उनका सपना पूरा करना चाहती हूं। ज्योतिका का 400 मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 52.73 सेकेंड है।



# विराट को अगले सत्र में फिर कप्तान बनाये आरसीबी: हरभजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से (आईपीएल) सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट कोहली को एक बार फिर टीम की कप्तानी दी जानी चाहिये। हरभजन के अनुसार विराट के पास टीम को आगे ले जाने की पर्याप्त क्षमता है। उन्होंने कहा कि विराट में जोश, प्रतिबद्धता और आक्रामकता का बढ़िया संयोजन है। विराट इस सत्र में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने अब तक 13 मैचों में 661 रन रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप की दौड़ में बने हुए हैं। विराट ने अब तक 155.16 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये है। विराट के कारण ही आरसीबी की टीम 13 मैच में 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान के साथ प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। हरभजन ने कहा, '' अगर वे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कप्तानी के लिए बदलाव करना चाहिये। ऐसे में विराट को ही कप्तानी दी जानी चाहिये। विराट को कप्तानी का काफी अनुभव है। उन्हें पता है कि टीम को किस तरह की क्रिकेट खेलने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, '' जिस प्रकार महेन्द्र सिंह धोनी बहुत आक्रामकता, बहुत जज्बे के साथ खेल रहे हैं और यही बात विराट के साथ भी है। मैं विराट को जिम्मेदारी के साथ टीम का नेतृत्व करते हुए देखना चाहूंगा।'' वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजायंट्स की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका के कप्तान के एल राहुल पर भड़कने को लेकर पूछे जाने पर हरभजन ने कहा कि ये चीजें टीम में अच्छे माहौल के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, '' कप्तान और प्रबंधन के बीच मतभेद हो सकते हैं लेकिन बातचीत दरवाजे के पीछे होनी चाहिए जो सभी के लिए बेहतर होती है।''



# पाकिस्तान के अलावा विश्वकप के लिए शेष सभी टीमें घोषित




**मुम्बई (एजेंसी)।** पाकिस्तान को छोड़कर सभी अन्य देशों ने टी20 विश्वकप के लिए अपनी टीमें घोषित कर दी हैं। टी20 विश्वकप दो जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। पाकिस्तान की टीम अभी आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे पर है और इसमें प्रदर्शन के आधार पर ही पाक बोर्ड विश्वकप के लिए टीम घोषित करेगा। पाक बोर्ड का मानना है कि इस दौरे से उसकी टीम को विश्वकप के लिए अभ्यास का अवसर मिलेगा। बांग्लादेश भी जिम्बाब्वे के साथ अभी टी20 सीरीज खेल रहा है।

टी20 विश्वकप में 20 टीमों भाग ले रही है। इसमें से 18 टीमों ने अपने-अपने 15-15 खिलाड़ियों के दल की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने टीम घोषित करने की अंतिम तारीख 24 मई तय की है। माना जा रहा है कि उसी के पहले पाक और बांग्लादेश अपनी टीम घोषित करेंगे।

**अब तक घोषित 18 टीमें इस प्रकार हैं**

**1 भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह. रिजर्व खिलाड़ी-शुभमन गिल, रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद।

**2 ऑस्ट्रेलिया:** मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, डेविड वॉर्नर, कैमरन ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस, टिम डेविड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू वेड, एश्टन एगर, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, एडम जम्पा।

**3 न्यूजीलैंड:** केन विलियम्सन (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी. लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, ट्रेंट बोल्ट, रिजर्व खिलाड़ी-बीन सियर्स।

**4 इंग्लैंड:** जॉस बटलर (कप्तान), मोइन अली (उप-कप्तान), फिल साल्ट, विल जैक्स, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करेन, क्रिस जॉर्डन, टॉम हार्टली, आदिल राशिद, मार्क वुड, जोफ्रा आर्चर, रीस टॉपली।

**5 दक्षिण अफ्रीका:** एडेन माक्ररम (कप्तान), रीजा हेंड्रिक्स, ओटिनल बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, बेरोन फार्च्युन, हेनरिक क्लासेन, मार्को यानसेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्किया, कैगिसो रबाडा, रियान रिक्लटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

# गांगुली ने कहा , रोहित बड़े खिलाड़ी टी20 विश्वकप में फार्म हासिल कर लेंगे



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि रोहित शर्मा बड़े खिलाड़ी हैं। ऐसे में टी20 विश्वकप से पहले आईपीएल में उनके खराब फार्म को लेकर परेशान होने की जरुरत नहीं है। गांगुली के अनुसार रोहित एक बड़े खिलाड़ी हैं और वह टी20 विश्व कप 2024 में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। टी20 विश्वकप कप में रोहित भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। रोहित इसमें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करेंगे पर गांगुली ने कहा है कि रोहित को विराट कोहली के साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिए। विराट सलामी बल्लेबाज के तौर पर आरसीबी के लिए शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं और ऑरेंज कैच की दौड़ में सबसे आगे हैं। गांगुली ने साथ ही कहा, भारतीय टीम बहुत अच्छी टीम है। रोहित विश्व कप में अच्छा खेलेंगे। वह बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा खेलते हैं। बड़े मंच पर वह अपने आप लय हासिल कर लेते हैं। रोहित ने इस सत्र के 13 मैचों में 349 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक शामिल है। उन्होंने ये शतक वानखेड़े के मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लगाया था हालांकि, टीम मुकाबला हार गई थी। इसके बाद के सभी मैचों में रोहित शर्मा संघर्ष करते नजर आए।

# टी20 विश्वकप में अब तक न्यूजीलैंड और श्रीलंका को नहीं हरा पाया है भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम पिछले एक दशक से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीती है। ऐसें में रोहित का लक्ष्य इस बार उसे जीत दिलाना रहेगा। इससे पहले एकदिवसीय विश्वकप में टीम खिताब की दहलीप पर आकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी थी। रोहित की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इस बार खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है हालांकि ये इतना आसान नहीं है क्योंकि टी20 क्रिकेट में एक-दो ओवर में ही खेल का रुख बदल जाता है और अपने 'अनुकूल' दिन कमजोर मानी जाने वाली टीम भी टी20 क्रिकेट में बड़ी टीम को हरा देती है।

टी20 विश्वकप में भारतीय टीम को 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करनी है। वहीं टीम का दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान से होगा। वहीं अगर इतिहास पर नजर डाली जाये तो न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीमें भारत के लिए अब तक सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी साबित हुई हैं। इन दोनों टीमों को टी20 वर्ल्डकप में भारत अब तक नहीं हरा पाया है। दूसरी ओर,आईसीसी की फुल मेंबर टीमों में चार - बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे से भारतीय टीम कभी नहीं हारी है। ऐसे में श्रीलंका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम, भारतीय के लिए सबसे बड़ा खतरा साबित हुई हैं। दोनों टीमें अब तक टूर्नामेंट में तीन बार आमने-सामने आ चुकी हैं और हर बार जीत कीवी टीम की हुई है। दोनों देशों के बीच टी20 विश्वकप का पहला मुकाबला 16 सितंबर 2007 को खेला गया था जिसमें न्यूजीलैंड ने 10 रन से जीत हासिल की थी. इसके बाद 2016 और 2021 के एडीशन में हुए मुकाबले में भी कीवी टीम जीती थी। 15 मार्च 2016 के मैच में न्यूजीलैंड ने 47 रनों और 31 अक?टूबर 2021 को हुए मैच में 8 विकेट से जीत हासिल की थी।

इसके अलावा श्रीलंका को टी20 विश्वकप में हराना भारत के लिए अब तक संभव नहीं हुआ है। दोनों टीमों के बीच टूर्नामेंट में दो बार मुकाबला हुआ है और दोनों ही बार श्रीलंका जीती है। पहली बार दोनों टीमें 2010 के टूर्नामेंट में ग्रास आइसलेट में आमने-सामने आईं और श्रीलंका ने 11 मई 2010 के मैच को 5 विकेट से अपने नाम किया। 2014 में दोनों के बीच बांग्लादेश के मीरपुर में फाइनल हुआ। इसमें भी श्रीलंका ने 6 विकेट से जीत हासिल की। टी20 वर्ल्डकप में जहां न्यूजीलैंड और श्रीलंका से भारत कभी नहीं जीत पाया है। वहीं चार टीमें ऐसी हैं जिनसे हमारी टीम को इस टूर्नामेंट में कभी हार नहीं मिली है। अफगानिस्तान, बांग्लादेश, आयरलैंड और जिम्बाब्वे कभी भी भारत को हरा नहीं पाए हैं।

## पाक पूर्व कप्तान मिस्बाह उल-हक का बयान, कहा- 'भारत से खेलने के मामले में पाकिस्तान मानसिक रूप से पिछड़ जाता है'

कराची । पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिसबाह उल हक का मानना है कि अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में जब उनकी टीम का सामना भारत से होगा तो उसके लिए आगे निकलना मुश्किल होगा क्योंकि ऐसा लगता है कि आईसीसी प्रतियोगिताओं में चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ खेलने को लेकर उनकी टीम मानसिक रूप से पिछड़ जाती है। अमेरिका में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के संभवत : सबसे बहुप्रतीक्षित लीग चरण के मैच में भारत और पाकिस्तान 9 जून को न्यूयॉर्क में भिड़ेंगे। भारत सात टी20 विश्व कप मुकाबलों में सिर्फ एक बार (2021 में) पाकिस्तान से हारा है। मिसबाह ने बुधवार को 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' पर कहा, ''जब विश्व कप में भारत से खेलने की बात आती है तो आप इसे पाकिस्तान का दुर्भाग्य या मानसिक अवरोध कहते हैं। पाकिस्तान को बहुत कुछ करने की आवश्यकता होगी क्योंकि यह एक मजबूत गेंदबाजी क्रम और दो अच्छे स्पिनरों के साथ एक बहुत ही कुशल भारतीय टीम है।'' उन्होंने कहा कि, भारत के पास (जसप्रीत) बुमराह, (मोहम्मद) सिराज और हार्दिक (पंड्या) जैसे स्तरीय तेज गेंदबाज हैं। भारतीय क्रिकेट टीम का स्तर कई गुना बढ़ गई है। मानसिक रवैया बहुत मायने रखता है और ऑस्ट्रेलिया मानसिक पक्ष को सबसे अच्छी तरह संभालता है। मिसबाह ने कहा कि उनके देश के खिलाफ कुछ यादगार पारियां खेलने वाले विराट कोहली एक बार फिर बड़ा खतरा होंगे, हालांकि मौजूदा आईपीएल में उनके स्ट्राइक रेट को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

# बाबर आजम ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड, टी20आई में सबसे ज्यादा बार बनाए 50 प्लस रन



डबलिन (आयरलैंड) । आयरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के तीसरे टी20 मैच के दौरान कप्तान बाबर आजम ने भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पहले टी20 में उलटफेर के बाद पाकिस्तान ने वापसी की और लगातार दो जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम कर ली। मंगलवार को डबलिन में उन्होंने मेजबान टीम पर 6 विकेट से जीत दर्ज की। बाबर ने बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 42 गेंदों में 75 रनों की पारी खेली जिसमें पांच छक्के और छह चौके शामिल थे। बल्ले से अपने शानदार प्रदर्शन से बाबर टी20आई फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार 50 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। यह 39वां अवसर है जब बाबर ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में 50 से अधिक रन बनाए। कोहली ने टी20आई प्रारूप में 38 बार फिफ्टी प्लस रन बनाए हैं जबकि भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने 34 बार यह उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा बाबर आयरलैंड के खिलाफ प्रारूप में एक ओवर में 25 रन बनाने वाले पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज बन गए। उन्होंने अपने करियर में पहली बार बेंजामिन व्हाइट के ओवर में चार छक्के लगाए लगाते हुए एक ओवर में कुल 25 रन बनाए। तीसरे टी20आई में बाबर ने दूसरे विकेट के लिए मोहम्मद रिजवान (56) के साथ 139 रन की साझेदारी की। सईम अयूब टीम को आदर्श शुरुआत देने में विफल रहने के बाद उनकी साझेदारी ने पाकिस्तान की सफलता की नींव रखी। यह टी20आई में पाकिस्तान के दो स्टार बल्लेबाजों के बीच 10वीं शतकीय साझेदारी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वे पहली जोड़ी बन गईं। इसके साथ ही वे साझेदारी में 3,000 रन बनाने वाली पहली जोड़ी भी बन गईं। आयरलैंड की अनुभवी जोड़ी पॉल स्टर्लिंग और एंड्रयू बालबर्नी ने साझेदारी में 2,043 रन बनाए हैं जबकि भारत की सलामी जोड़ी रोहित और केएल राहुल ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में पांच शतकीय साझेदारी की है। आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के समापन के बाद पाकिस्तान इंग्लैंड की यात्रा करेगा। यह पाकिस्तान के लिए विश्व कप से पहले मनचाहा संयोजन ढूंढने का आखिरी मौका होगा। चार मैचों की टी20 सीरीज 22 मई से हेडिंग्ले कार्नेगी में शुरू होगी। दोनों टीमें सीरीज का आखिरी मैच 30 मई को लंदन के ओवल में खेलेंगी।

# भारतीय गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन हमारे लिए सबसे सकारात्मक बात: कोच आमरे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना कम होने के बावजूद सहायक कोच प्रवीण आमरे टीम के भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन से काफी संतुष्ट है। दिल्ली कैपिटल्स ने मौजूदा सत्र के अपने आखिरी लीग मुकाबले में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 19 रन से शिकस्त दी। टीम की यह 14 मैचों में सातवीं जीत थी लेकिन खराब नेट रन रेट के कारण उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना बेहद कम है।

आमरे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि टीम के पास जो संसाधन था उसमें उसने से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस मामले में पिछले चार-पांच मैचों में टीम के भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। आमरे ने कहा, 'पिछले चार-पांच मैचों में हमारे सभी भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा काम किया है। मेरा मानना है कि यह हमारे लिए काफी जरूरी था। जिस तरह से खलील (अहमद), मुकेश (कुमार), इशांत (शर्मा) ने गेंदबाजी की हमारे लिए सबसे सकारात्मक पहलू था।'

दिल्ली ने अभिषेक पोरेल (58 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 57) के आक्रामक अर्धशतकों से चार विकेट पर 208 रन बनाने के बाद इशांत की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी के दम पर एलएसजी को नौ विकेट पर 189 रन पर रोक दिया। इशांत तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच चुने गये। उन्होंने इशांत की तारीफ करते हुए कहा, 'उन्होंने पावर प्ले में तीन विकेट चटकाये और वह सभी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के विकेट थे। वह ऐसे गेंदबाज है जिन्होंने 100 टेस्ट खेले है और उन्हें दिल्ली की विकेट (पिच) के बारे में अच्छी जानकारी है। मैं उनके लिए काफी खुश हूं उन्हें जो भी मौका मिला उन्होंने उसका फायदा उठाया। उन्होंने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।'

आमरे ने कहा कि इस सत्र में घरेलू मैदान पर पांच मैच जीतना टीम के लिए बड़ी सफलता है।। उन्होंने कहा, 'मैं इस फ्रेंचाइजी के साथ नौ साल से हूं लेकिन पिछले दो साल और खास यह साल हमारे लिए काफी अच्छा रहा है क्योंकि हम अपने घरेलू मैदान पर पांच मैच जीतने में सफल रहे है। हमने विशाखापत्तनम में चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था। घरेलू मैदान पर पांच मैच जीतना हमारे लिए और हमारे प्रशंसकों के लिए शानदार है। हमें इस साल प्रशंसकों का शानदार साथ मिला, इससे पहले के वर्षों में हमें इसकी कमी खलती थी। इस तरह के समर्थन के लिए प्रशंसकों का शुक्रिया।'

उन्होंने कहा कि टीम तालिका में पांचवें स्थान पर है और कई मुख्य खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में यह बेहतरीन परिणाम है। उन्होंने कहा, 'आईपीएल में इस तरह की चीजें होती है। हमें हैरी ब्रुक्स की सेवाएं नहीं मिली, मिचेल मार्श को वापस जाना पड़ा। इन सब के बीच (डेविड) वार्नर चोटिल हो गये। ईमानदारी से कहूं तो इन खिलाड़ियों की जगह लेने वालों ने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे हम तालिका में अभी पांचवें स्थान पर है। हमारे पास जो संसाधन थे हमने उसके मुताबिक अच्छा किया है।'



उन्होंने कहा, 'पिछले मैच (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ) में हमें ऋषभ (पंत) की काफी कमी खली क्योंकि वह हमारे लिए काफी अहम मैच था।' पंत इस सत्र में टीम के तीन बार धीमी ओवर के लिए एक मैच के लिए निलंबित थे। उनकी गैरमौजूदगी ने आरसीबी ने दिल्ली को 47 रन के बड़े अंतर से हराया था। आमरे ने स्टब्स और पोरेल जैसे बल्लेबाजों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने मौके का अच्छे से फायदा उठाया।

उन्होंने कहा, 'स्टब्स हमारे वैकल्पिक खिलाड़ी थे, अगर ब्रुक टीम में होते तो शायद उन्हें मौका नहीं मिलता। स्टब्स ने दक्षिण अफ्रीका लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने प्रथम श्रेणी के स्थानीय क्रिकेट में तिहरा शतक भी जड़ा है। वह स्पिनरों का अच्छे से सामना करते हैं। उनमें सफलता हासिल करने की ललक है। आज भी वह शुरुआती 10 गेंद के बाद छह सात रन पर था लेकिन जैसा की उन्होंने पहले भी किया है, उन्होंने 20-22 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था।'

आमरे ने कहा, 'पोरेल ने आज कमाल की पारी खेली। जैक फ्रेजर मैकगुर्क पहले ओवर में आउट हो गये थे लेकिन हम पावरप्ले में 73 रन बनाने में कामयाब रहे। इसका श्रेय पोरेल और शाई होप को जाता है उन्होंने 92 रन की साझेदारी की।'

# सचिन के सुरक्षाकर्मी ने आत्महत्या की

जलगांव । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात एक सुरक्षाकर्मी ने खुदकुशी कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये सुरक्षाकर्मी प्रकाश कापड़े रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) से था और अभी जामनेर शहर में अपने पैतृक घर में था। वहीं इस सुरक्षाकर्मी ने सरकारी बंदूक से अपने को सिर में गोली मार ली। इस सुरक्षाकर्मी के परिवार में उसके माता-पिता, पत्नी तथा दो नाबालिग बच्चे, एक भाई और अन्य सदस्य हैं। इस मामले को लेकर जामनेर थाने के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर किरण शिंदे ने कहा कि ये घटना गत रात 1.30 बजे की है। इस सुरक्षाकर्मी ने ये आत्मधाती कदम क्यों उठाया अभी इसके बारे में जानकारी नहीं मिली है। शिंदे ने कहा, शुरुआती जांच से लगता है कि उसने निजी कारणों से यह कदम उठाया है हालांकि हम पूरे मामले को देखेंगे। कापड़े का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जामनेर पुलिस ने हादसे में मौत की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले को लेकर उसके परिवार के सदस्यों, सहकर्मियों और जान-पहचान के अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# क्या मोदी की वापसी को लेकर विदेशी निवेशकों में संदेह........बाजार को लेकर दिख रही निराशा

## -कई जानकारों का अनुमान फिर आएगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाले एनडीए को इस बार के आम चुनावों में पहले के अनुमान से कम सीटें मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस कारण विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों को लेकर पिछले एक दशक में सबसे ज्यादा निराश दिख रहे हैं। बाजार के हालात निवेशकों का भरोसा कमजोर कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक़, निवेशक ज़्यादा शेयर बेच रहे हैं और कम खरीद रहे हैं। ये ट्रेंड नेट शॉर्ट पोजीशन÷ में बढ़ोतरी से पता चलता है, जो इस वक्त 2012 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर है। विदेशी निवेशकों ने अप्रैल से भारतीय शेयरों से 4 अरब डॉलर से भी ज्यादा निकाल लिए हैं। यह चुनाव के नतीजों को लेकर उनकी चिंता को दर्शाता है। मोदी सरकार के कमजोर प्रदर्शन से बुनियादी ढांचे और विनिर्माण में सुधार जैसे नीतिगत सुधार धीमा हो सकते हैं। भारत ने अपने चुनाव का चौथा चरण सोमवार को पूरा कर लिया, आखिरी चरण 1 जून को समाप्त होगा। मोदी को तीसरा कार्यकाल जीतने की उम्मीद है, उनका अनुमान है कि उनकी पार्टी और सहयोगी संसद में 543 में से 400 से अधिक सीटें हासिल करने वाले हैं। कम मतदान प्रतिशत ने बीजेपी के समर्थन को लेकर चिंता बढ़ा दी है। विश्लेषक गर्मी की लहर और मतदाताओं को एकजुट करने के लिए किसी प्रमुख मुद्दे की कमी एक बड़ा मुद्दा मानते हैं। इसके बावजूद, रणनीतिकारों को उम्मीद है कि मोदी की पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी, संभवतः 2019 के परिणामों के बराबर या उनसे आगे निकलेगी। बावजूद इसके, निवेशक घबराए हुए हैं, जैसा कि फियर गैज÷ से पता चलता है, जो भविष्यवाणी करता है कि अगले महीने बाजार कितना बदल सकता है।

आने वाले दिनों में भारतीय बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ने की संभावना है। 4 जून को मतदान की गिनती के बाद, 19 अप्रैल को मतदान शुरू होने पर 15 प्रतिशत से कम रही अंतर्निहित अस्थिरता, मंगलवार को 20 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

# सोना और चांदी की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली।**

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। आज दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 72,400 रुपये के करीब जबकि चांदी के वायदा भाव 85,500 हजार रुपये के करीब थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध आज 39 रुपये की तेजी के साथ 72,336 रुपये के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 71 रुपये की तेजी के साथ 72,368 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 72,393 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 72,336 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 73,958 रुपये के भाव पर शीर्ष स्तर हासिल किया था।

चांदी के वायदा भाव की शुरूआत में भी आज तेजी रही। एमसीएक्सा पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज 104 रुपये की बढ़त के साथ 85,521 रुपये पर खुला। यह अनुबंध 123 रुपये की तेजी के साथ 85,540 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 85,580 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 85,500 रुपये के भाव पर निचला स्तर हासिल किया। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव ने



86,126 रुपये किलो के भाव पर पहुंचे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,362.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,359.90 डॉलर था।

# एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों की न्यूज़ीलैंड में भी होगी जांच




**नई दिल्ली।**

देश के दो लोकप्रिय मसाला ब्रांड एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड (एमडीएच) और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एवरेस्ट) की मुसीबतें कम नहीं हो रही है। सिंगापुर, हांगकांग अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बाद अब न्यूजीलैंड ने भी इन कंपनियों के मसालों की क्वालिटी पर सवाल उठाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूजीलैंड के खाद्य सुरक्षा नियामक ने कहा कि वह अन्य देशों में जांच का सामना करने के बाद टॉप भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के मसाला उत्पादों में संभावित रसायनों के मिलावट की जांच कर रहा है।

एमडीएच और एवरेस्ट के मसाला उत्पाद पिछले महीने तब विदेशी खाद्य सुरक्षा नियामकों की रडार पर आ गए जब सिंगापुर ने इन कंपनियों के कुछ प्रोडक्ट की ब्रिकी पर रोक लगा दी। सिंगापुर फूड एजेंसी ने दावा किया था कि इस मसाले में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा काफी ज्यादा है, जो कि इंसान की सेहत के लिए सही नहीं है। बता दें एथिलीन ऑक्साइड एक तरह का पेस्टीसाइट है, जिसके सेवन से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होने का खतरा होता है। सिंगापुर के बाद हांगकांग ने भी इन कंपनियों के कुछ मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भी एमडीएच और एवरेस्ट के मसाला उत्पादों में संभावित रसायनों के मिलावट की जांच कर रहे हैं। न्यूजीलैंड के खाद्य सुरक्षा नियामक ने कहा कि विदेशी रिकॉल से अवगत है।

चूंकि एमडीएच और एवरेस्ट मसाले न्यूजीलैंड में भी उपलब्ध हैं, इसलिए हम इस मुद्दे पर विचार कर रहे हैं। हालांकि इस मुद्दे पर दोनों कंपनियों ने अपने पिछले कुछ बयानों में कहा है कि उनके उत्पाद उपभोग के लिए सुरक्षित हैं। भारत के खाद्य सुरक्षा नियामक ने एमडीएच और एवरेस्ट प्लांटों का निरीक्षण किया है और ग्लोबल जांच के बाद नमूने ट्रायल के लिए भेजे हैं, हालांकि परिणाम अभी तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। दशकों से, एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पाद भारत में बेहद लोकप्रिय हैं और यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में निर्यात किए जाते हैं।

# अप्रैल में यात्री और दोपहिया वाहनों के निर्यात में हुई 20 फीसदी की बढ़ोतरी

**- भारतीय वाहन बनाने वाले संगठन सायम के जारी किए आंकड़े**



**नई दिल्ली।** भारतीय वाहन बनाने वाले संगठन सायम के जारी आंकड़ों बताते हैं कि अप्रैल में सवारी गाड़ी और दोपहिया वाहनों का निर्यात एक साल पहले के मुकाबले 20 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। 2023-24 में दोपहिया वाहनों का निर्यात एक साल पहले के मुकाबले 5.3 फीसदी घटकर 34.58 लाख इकाइयों का रहा। यात्री वाहनों का निर्यात मामूली रूप से 1.5 फीसदी बढ़कर 6,72,000 इकाइयों की रही। लेकिन हाल के महीने में निर्यात बाजार में तेजी आई है।

अप्रैल में दोपहिया वाहनों का निर्यात एक साल पहले के मुकाबले 24.3 फीसदी बढ़कर 3,20,877 इकाइयों का रहा। यात्री वाहनों का निर्यात 21.1 फीसदी बढ़कर कुल 49,563 इकाइयों का रहा। इस माह 8 मई को निवेशक कॉल के दौरान हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्य अधिकारी निरंजन गुप्ता ने कहा था कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में निर्यात ने वापसी की। उन्होंने कहा कि हमने कई बाजारों में वितरकों को बदला है, जैसा आपने नेपाल में देखा। हमें उम्मीद है कि मेक्सिको आगे बढ़ेगा और हाल ही में नाइजीरिया में भी वितरक बदले जाएंगे। इसलिए यह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अच्छा संकेत है। लेकिन उन्होंने कहा कि अगले साल की संख्या के बारे में कुछ भी कहना अभी सही नहीं होगा। आगे चलकर आने वाली तिमाहियों और साल में हमारा अंतरराष्ट्रीय कारोबार आगे ही बढ़ेगा।

मारुति सुज़ुकी के कॉरपोरेट अफेयर्स प्रमुख राहुल भारती ने 26 अप्रैल को कहा था कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में करीब 2,83,000 वाहनों का निर्यात किया था। यह करीब चार साल पहले सालाना 100,000 वाहनों की तुलना में काफी ज्यादा है। उन्होंने निवेशक कॉल के दौरान कहा कि हम भविष्य में इसे और आगे बढ़ाना चाहते हैं। अगले वर्ष हमें करीब 300,000 इकाइयों का निर्यात करना होगा जो कि सभी बाजारों में विभिन्न उत्पादों में काफी विविधतापूर्ण होगा और लाभप्रदता के संदर्भ में यह विदेशी मुद्रा दरें आदि मापदंडों के साथ बदलता है। इसलिए, यह कभी स्थिर नहीं रहता है। फिलहाल यह अच्छी स्थिति में है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के बाद भी एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, सन फार्मा और एचयूएल के शेयरों में बिकवाली से बाजार टूटा है। आज के कारोबार में निवेशकों के सतर्कता बरतने से बेंचमार्क इंडेक्स नीचे आये। वहीं व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स ऊपर आये। सत्र के अंत में बीएसई मिडकैप 0.6 फीसदी और स्मॉलकैप सूचकांक 0.96 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद तीर शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 117.58 अंक करीब 0.16 फीसदी नीचे आकर 72,987.03 अंक पर बंद हुआ। वहीं, दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज क निफ्टी 17.30 अंक तकरीबन 0.08 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। निफ्टी दिन के अंत में 22,200.55 अंक पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार बढ़त पर बंद हुआ था। इससे पहले आज बाजार बढ़त के साथ खुला। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही खरीददारी से आई हैं। आज सुबह तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 66 अंक करीब 0.09 फीसदी ऊपर आकर 73,171 पर खुला। वहीं इस बीच पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50.37 अंक तकरीबन 0.17 फीसदी बढ़कर 22,255 पर खुला। आज कारोबार के दौरान सिप्ला, भारती एयरटेल, हिंडाल्को, बीपीसीएल, कोल इंडिया, टाटा स्टील, ओएनजीसी, एनटीपीसी और एसबीआई के शेयरों में उछाल से बाजार को बल मिला। व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में लगभग 1 फीसदी की बढ़त हुई। सेक्टर के हिसाब से निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स 1 फीसदी से ज्यादा बढ़ा, इसके बाद निफ्टी मीडिया और मेटल इंडेक्स 0.6 फीसदी उछला।

आज एशियाई बाजारों की बात करें तो निक्केई और एएसएक्स200 आधा फीसदी ऊपर चढ़े जबकि शंघाई कंपोजिट 0.4 फीसदी फिसल गया। दक्षिण कोरिया और हांगकांग के बाजार आज बंद हैं।

## अप्रैल में देश का व्यापार घाटा 19.1 अरब डॉलर रहा



**नई दिल्ली।** देश का वस्तुओं का निर्यात इस साल अप्रैल में मामूली बढ़कर 34.99 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले सामान अवधि में यह 34.62 अरब डॉलर था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अप्रैल, 2023 में 49.06 अरब डॉलर था। अप्रैल में व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर 19.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि इन आंकड़ों से नए वित्त वर्ष की शुरुआत अच्छा होने का संकेत मिलता है और इसके आगे भी बने रहने की उम्मीद है। इस साल मार्च में निर्यात 41.68 अरब डॉलर रहा था, जो एक साल पहले इसी महीने में 41.96 अरब डॉलर था।




## सिप्ला के प्रमोटर्स ने बेची 2.53 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला के प्रवर्तकों ने तरलता बढ़ाने के मकसद से कंपनी में 2.53 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। दवा विनिर्माता ने शेयर बाजार को बताया कि कुछ कंपनी प्रवर्तकों ने 15 मई 2024 को 2,04,50,375 शेयरों की ब्रिकी की है। कंपनी के अनुसार, ''शिरीन हामिद, रुमाना हामिद, समीना हामिद और ओकासा फार्मा प्राइवेट लिमिटेड ने परोपकार सहित विशिष्ट जरूरतों के लिए तरलता बढ़ाने के मकसद से सिप्ला लिमिटेड के 2.53 प्रतिशत शेयर बेचे हैं। इसमें कहा गया कि लेनदेन के बाद समूचे प्रवर्तक समूह की कंपनी में 31.67 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## केनरा बैंक, जेएसडब्ल्यू एनर्जी सहित 13 कंपनियां इंडिया सूचकांक में शामिल

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, एनएचपीसी और जिंदल स्टेनलेस सहित 13 कंपनियों को एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल किया जाएगा। सूचकांक का संकलन करने वाले एमएससीआई के अनुसार, बॉश, केनरा बैंक, इंडस टावर्स, जिंदल स्टेनलेस, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, मैनकाइंड फार्मा, एनएचपीसी, पीबी फिनटेक, फीनिक्स मिल्स, सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया, सुंदरम फाइनेंस, थर्मैक्स और टोरेंट पावर एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल होने वाली कंपनियां हैं। दूसरी ओर तीन कंपनियां बर्जर पेंट्स, इंद्रप्रस्थ गैस और वन97 कम्युनिकेशंस सूचकांक से बाहर हो गईं। इसमें कहा गया,एमएससीआई (मॉर्गन स्टेनली कैपिटल इंटरनेशनल) ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स के घटकों में बदलाव 31 मई 2024 को कारोबार के अंत में होगा। सूचकांक में शामिल की गईं कुछ कंपनियां बीएसई पर बढ़त के साथ कारोबार कर रही हैं।

## एयरटेल का मार्च तिमाही में मुनाफा 31फीसदी से घटकर हुआ 2,072 करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय एयरटेल ने अपने मार्च तिमाही के आकड़ों की घोषणा की है। एयरटेल कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका मुनाफा सालाना 31 फीसदी से घटकर 2,072 करोड़ रुपए पर आ गया है। टेलीकॉम भारती एयरटेल कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में 3,005.6 करोड़ रुपए का नेट मुनाफ़ा कमाया था। वहीं एयरटेल कंपनी का ऑपरेशंस से कंसोलिडेट रेवेन्यू मार्च तिमाही के दौरान 4.4 फीसदी बढ़कर 37,599.1 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 36,009 करोड़ रुपये था। एयरटेल के प्रबंध निदेशक गोपाल विट्ठल ने कहा कि कंसोलिडेट प्रदर्शन मुख्य रूप से नाइजीरियाई नायरा केडिवैल्युएशन से प्रभावित हुआ है। हमने 78 लाख स्मार्टफोन ग्राहक हो जोड़ा है और 209 रुपए का एआरपीयू कमाया है। इसके अलावा 31 मार्च, 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष भारती एयरटेल का मुनाफ़ा 10.5 फीसदी की गिरावट के साथ 7,467 करोड़ रुपए पर आ गया। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 8,346 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान एयरटेल कंपनी का ऑपरेशंस से सालाना रेवेन्यू 7.7 फीसदी से बढ़कर 1,49,982.4 करोड़ रुपए हो गया, जो 2022-23 में 1,39,144.8 करोड़ रुपए था। एयरटेल बोर्ड ने 2023-24 के लिए पूरी तरह पेड़ अप पांच रुपए के फेस वेल्यू पर आठ रुपए और पांच रुपये वाले फेस वेल्यू पर दो रुपये के फाइनल डिविडेंड की भी सिफारिश की है।




## अडानी ग्रुप के शेयरों में छह फीसदी तक आया उछाल

**-गौतम अडानी की नेटवर्थ में 4.22 अरब डॉलर की हुई कमाई**

**नई दिल्ली।**

शेयर बाजार में वैसे तो आए दिन उतार चढ़ाव देखने को मिलता है लेकिन किसी दिन बाजार में इतना उछाल आता है कि वह कंपनी को मालामाल बना देती है। कुछ ऐसा ही अडानी ग्रुप के शेयरों के लिए मंगलवार का दिन रहा। ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में दो से छह फीसदी तक तेजी आई। इससे ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में 4.22 अरब डॉलर की कमाई हुई। मंगलवार को वह कमाई करने के मामले में सबसे आगे रहे। एक रिपोर्ट के मुताबिक अडानी की नेटवर्थ अब 99.1 अरब डॉलर पहुंच गई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 15वें स्थान पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 14.8 अरब डॉलर की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 109 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। मंगलवार को उनकी नेटवर्थ में 1.58 अरब डॉलर की तेजी आई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 12.4 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस तरह दोनों की नेटवर्थ में 10 अरब डॉलर से भी कम अंतर रह गया है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव में बीजेपी की जीत की संभावना बढ़ने से अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखी गई । ग्रुप के शेयरों में 2फीसदी से 6फीसदी तक की तेजी आई। अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पावर और अडानी टोटल गैस में 5फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। एक शोध प्रमुख ने कहा कि बाजार में दिन के दौरान तेजी के बाद हमने अडानी ग्रुप की कंपनियों में तेजी देखी, क्योंकि इस बात के दावे बढ़ रहे हैं कि मौजूदा सरकार को मजबूत बहुमत मिलेगा। बीजेपी की सरकार में वापसी से अडानी ग्रुप के सबसे ज्यादा फायदा मिलने की उम्मीद है।

# कमाई के मामले में टीसीएस से आगे निकली टाटा मोटर्स

**नई दिल्ली।**

टाटा ग्रुप की वाहन कंपनी टाटा मोटर्स को पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 17,583 करोड़ रुपए का कुल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो समूह की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के 12,434 करोड़ रुपए के शुद्ध मुनाफे से बहुत अधिक है। 2024 की मार्च तिमाही में टाटा मोटर्स का शुद्ध लाभ साल भर पहले के 5,573.8 करोड़ रुपए से 213.7 फीसदी बढ़ा है। टीसीएस का शुद्ध मुनाफा पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले 9.1 फीसदी बढ़ा है। टाटा ग्रुप की एक और बड़ी कंपनी टाटा स्टील के चौथी तिमाही के नतीजे अभी आने बाकी हैं। टाटा ग्रुप की जिन 16 कंपनियों के नतीजे आए हैं, उनका जनवरी-मार्च 2024 का कुल शुद्ध मुनाफा साल भर पहले की तुलना में 64 फीसदी से बढ़कर 33,217 करोड़ रुपये रहा है। दस साल में यह पहला मौका है, जब टाटा मोटर्स ग्रुप की मुनाफे वाली कंपनियों में सबसे ऊपर रही है। इससे पहले वित्त वर्ष 2015 की पहली तिमाही में टाटा मोटर्स मुनाफे के मामले में सबसे आगे रही। तब कंपनी को 5,330.6 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ और टीसीएस का शुद्ध मुनाफा 5,186.60 करोड़ रुपए और टाटा स्टील का शुद्ध मुनाफा 400.60 करोड़ रुपए रहा था। चौथी तिमाही में टाटा मोटर्स के मुनाफे के बाद भी पूरे साल के हिसाब से टीसीएस ही टाटा ग्रुप की सबसे मुनाफेदार कंपनी बनी। वित्त वर्ष 2024 में टीसीएस का कुल शुद्ध मुनाफा 46,625 करोड़ रुपए रहा, जबकि टाटा मोटर्स के लिए आंकड़ा 32,078 करोड़ रहा। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस पिछले कुछ समय से टाटा मोटर्स में लगातार पूंजी डाल रही है, जिससे कंपनी की वित्तीय सेहत में काफी सुधार हुआ है। टाटा मोटर्स में ही टाटा संस ने सबसे ज्यादा 22,658 करोड़ रुपए का इक्विटी निवेश किया। टाटा मोटर्स मजबूत होने से टाटा संस के लिए ग्रुप के नए उपक्रमों जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, ई-कॉमर्स तथा विमानन में और निवेश करना आसान हो जाएगा। 2021 में जब पूरी दुनिया में स्टील के दाम चढ़ रहे थे तब टाटा स्टील सबसे मुनाफेदार कंपनी हो गई थी। वित्त वर्ष 2022 की चार में से तीन तिमाही में टाटा स्टील का मुनाफा टीसीएस से




ज्यादा रहा था। समूचे वित्त वर्ष में टाटा स्टील ने 40,238 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था, जबकि टीसीएस का मुनाफा 38,327 करोड़ ही रहा था। ऐसे एक-दो मौके छोड़ दें तो पिछले 15 साल में टीसीएस ही टाटा ग्रुप की सबसे मुनाफे वाली कंपनी रही। इसे 2003 में टाटा संस से अलग किया गया और आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने के बाद जुलाई 2004 में स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध कराया गया था। आंकड़े बताते हैं कि टाटा मोटर्स के लिए टाटा ग्रुप की सबसे मुनाफेदार कंपनी बने रहना कठिन होगा क्योंकि पिछले दशक में उसके मुनाफे में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। विश्लेषकों के अनुसार टाटा मोटर्स का अच्छा दौर पीछे छूट गया है और मुनाफे की यह रफ्तार बनाए रखना उसके लिए मुश्किल होगा।

# सिनेमाघरों में आईसीसी पुरुष टी20 के प्रमुख मैंच दिखाने की तैयारी में पीपीआर आईनोक्स

**मुंबई।**

दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए भारत का सबसे बड़ा सिनेमा ऑपरेटर पीपीआर आईनोक्स एक अनोखा तरीका अपना सकता है। चूंकि फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लगातार फीकी पड़ रही हैं, इसलिए ये सिनेमाघर आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के दौरान प्रमुख मैच दिखाने पर विचार कर रहे हैं। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी नितिन सूद ने बताया कि कंपनी अगले माह से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के अहम मैच दिखाएगी। उनका मानना है कि भारत में बेहद लोकप्रिय टी20 क्रिकेट पिछले साल अक्टूबर में हुए एक दिवसीय विश्व कप की तुलना में सिनेमाघरों में ज्यादा दर्शक खींचेगा। दर्शकों की कमी से दो-चार हो रहे पीवीआर आईनॉक्स ने सिनेमाघरों में फिर से चहल-पहल लाने के लिए नई रणनीति तैयार की है। सूद ने कहा, तिमाही नतीजों में 130 करोड़ के घाटे के कारण कंपनी सिर्फ फिल्मों पर निर्भर न रहकर कॉन्सर्ट, खेल और खास कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसके अलावा भारतीय दर्शकों को लुभाने के लिए के-पॉप परफॉरमेंस लाने पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि एक साल पहले के मुकाबले में मार्च तिमाही के घाटे में कमी आई है, फिर भी फिल्मों की रिलीज में देरी (चुनाव के बाद) को धीमी वृद्धि का कारण माना जा रहा है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्मों की बढ़ती लोकप्रियता सिनेमाघरों के लिए चुनौती बनी हुई है। मूवी स्क्रीन चेन, जो पिछले साल दो बड़ी कंपनियों के विलय से बनी है, को दर्शकों को आकर्षित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम और जियो




सिनेमा जैसी सेवाएं कम दाम (रोज एक रुपये से भी कम) में फिल्में और शो दे रही हैं। दर्शकों को वापस लाने के लिए मूवी स्क्रीन चेन कई रणनीति अपना रही है।

## 5-स्टार की सेफ्टी रेटिंग मिल रही है टाटा पंच

**-कीमत सिर्फ 6.13 लाख रुपये से होती है शुरू**

**नई दिल्ली।** स्वदेशी कार कंपनी टाटा मोटर्स की सबसे सस्ती सब कॉम्पैक्ट एसयूवी टाटा पंच है। यह अपने सेगमेंट की पहली कार है जिसमें 5-स्टार की सेफ्टी रेटिंग मिल रही है। इसकी कीमत सिर्फ 6.13 लाख रुपये से शुरू होती है। बता दें कि हाल ही में लॉन्च हुई नई स्विफ्ट हैचबैक इससे महंगी है, जिसके सबसे सस्ते वैरिएंट की कीमत 6.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। टाटा मोटर्स ने पंच को बनाने में हाई क्वालिटी स्टैंडर्ड को मेंटेन करती है। कंपनी ने पंच की बिल्ड क्वालिटी को बेहतर रखा है और इसमें मजबूत चैसी का इस्तेमाल किया है। इसके कुछ सेफ्टी फीचर्स की बात करें तो इसमें डुअल फ्रंट एयरबैग्स, ईबीडी के साथ एबीएस, रियर डिफॉगर, रियर पार्किंग सेंसर, एक रियर-व्यू कैमरा और इसोफिक्स जैसे सेफ्टी फीचर्स देती है। बॉडी की तरह पंच का इंजन भी काफी पावरफुल है। इसमें 1.2-लीटर का पेट्रोल इंजन मिलता है, जो 86 ङ्खद्धश्च की पावर और 113 एनएम का टॉर्क देता है। यह कार 5-स्पीड मैनुअल और एक ऑप्शनल 5-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ आती है। इसका माइलेज करीब 19 किलोमीटर प्रति लीटर है। बाजार में टाटा पंच 4 मॉडल - प्योर, एडवेंचर, एकम्प्लिश्ड और क्रिएटिव में उपलब्ध है। ग्राउंड क्लीयरेंस भी 187एमएम है, जो इसे खराब रास्तों के लिए बेहतर बनाता है। भारतीय बाजार में टाटा पंच का मुकाबला हुंडई एक्सटर और मारुति इग्निस से है। इसकी कीमत को देखें तो यह निसान मैग्नाइट और रिनॉल्ट काइगर के कुछ मॉडल को भी टक्कर देती है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in